www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

**मौसम**
अधिकतम तापमान 30.c
27.c न्यूनतम तापमान

**बाजार**
सोना 98.755g
चांदी 107,000kg

सोशल मीडिया पर भारत संवाद
https://x.com/BharatSamvad
www.facebook.com/bharatsamvad.in
www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n
E-Paper bharatsamvad.live

2 जरूरी सवालों की अनदेखी करती रिपोर्ट, पूरा दोष पायलटों पर मढ़ने का प्रयास

कलान के शिव मंदिर में सावन पर उमड़ी भीड़ 04

वर्ष :09 | अंक :24 | मुंबई , मंगलवार , 15 जुलाई 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2 : 00 रुपए

## बिहार बना क्राइम कैपिटल ऑफ इंडिया , कुर्सी बचा रहे सीएम, राहुल का नीतीश सरकार पर निशाना

**सरकार पर निशाना**

राहुल गांधी ने भी सरकार पर निशाना साधा है। राहुल ने एक्स पर लिखा कि बिहार बना क्राइम कैपिटल ऑफ इंडिया - हर गली में डर, हर घर में बेचैनी! बेरोजगार युवाओं को हत्यारा बना रहा है गुंडा राज।

एजेंसी

बिहार में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर सियासत तेज हो गई है। वहीं, विपक्ष बिहार में कानून व्यवस्था और मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण को लेकर एनडीए सरकार पर लगातार हमला बोल रहा है। इन सबके बीच कानून व्यवस्था को लेकर राहुल गांधी ने भी सरकार पर निशाना साधा है। राहुल ने एक्स पर लिखा कि बिहार बना क्राइम कैपिटल ऑफ इंडिया - हर गली में डर, हर घर में बेचैनी! बेरोजगार युवाओं को हत्यारा बना रहा है गुंडा राज।

नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए राहुल ने आगे लिखा कि सीएम कुर्सी बचा रहे हैं, बीजेपी मंत्री कमीशन कमा रहे हैं। मैं फिर दोहरा रहा हूं - इस बार वोट सिर्फ सरकार बदलने का नहीं, बिहार को बचाने का है। व्यापारियों, राजनेताओं, वकीलों, शिक्षकों और आम नागरिकों को निशाना बनाकर एक के बाद एक अंजाम दी जा रहीं हत्या की घटनाओं ने बिहार की कानून-व्यवस्था को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा कर दी हैं। पुलिस ने इन घटनाओं के लिए अवैध हथियारों और गोला बारूद की व्यापक उपलब्धता को जिम्मेदार ठहराया है। पिछले 10 दिन में, व्यवसायी गोपाल खेमका, भाजपा नेता सुरेंद्र कुमार, 60 वर्षीय एक महिला, एक दुकानदार, एक वकील और एक शिक्षक सहित कई लोगों की हत्याओं ने चुनाव से पहले बिहार को दहला दिया है। राज्य अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एससीआरबी) के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, राज्य में जनवरी से जून के बीच हर महीने औसतन 229 हत्याओं के साथ 1,376 हत्या के मामले दर्ज किए गए, जबकि 2024 में यह संख्या 2,786 और 2023 में 2,863 थी। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के अनुसार, अवैध रूप से निर्मित या बिना वैध लाइसेंस के खरीदे गए आग्नेयास्त्रों के प्रसार और कारतूसों व गोला-बारूद की अनियंत्रित उपलब्धता ने हाल में हिंसक अपराधों में तेजी ला दी है।

### इस बार वोट सिर्फ सरकार बदलने का नहीं, बिहार को बचाने का है



### तेजस्वी बोले- रिमोट कंट्रोल से प्रधानमंत्री बिहार को संभाल रहे



तेजस्वी यादव ने बढ़ते अपराध पर एक बार फिर सरकार को घेरा है। पटना में अपने आवास के बाहर मीडिया से बात करते हुए कहा कि- 'मुख्यमंत्री अचेत अवस्था में हैं। उनसे बिहार संभल नहीं रहा है। रिमोट कंट्रोल से प्रधानमंत्री बिहार को संभाल रहे हैं।' यहां के अपराधी अब सम्राट बन चुके हैं और विजय प्राप्त कर चुके हैं। राज्य में लॉ एंड ऑर्डर पूरी तरह चरमरा चुका है। बिहार में क्रिमिनल डिसऑर्डर हो चुका है। यहां शिक्षक, डॉक्टर, वकील की हत्याएं हो रही हैं। छोटे बच्चों के साथ गैंगरेप की घटनाएं हो रही हैं। कोई सुरक्षित महसूस नहीं कर रहा है। यहां तक कि भाजपा नेताओं की भी हत्याएं हो रही हैं।' वहीं सूत्र को लेकर दिए बयान पर तेजस्वी यादव ने फिर वही बात दोहराई। उन्होंने कहा- 'हर बार कोई न कोई झूठा सूत्र आता है, हर बार खंडन करना पड़ता है, हर बार माफी मांगनी पड़ती है।

### लालू यादव ने पीएम मोदी, सीएम नीतीश पर कसा तंज

लालू यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर अपनी पोस्ट के जरिए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री पर निशाना साधा है। उन्होंने दोनों की फोटो के साथ शेयर पोस्ट में लिखा- 'वर्तमान और भविष्य भूल, इतिहास में जीने वाले प्राणी, अपना कुछ किया नहीं, दूसरों का किया कहा नही।' पोस्टर में मुख्यमंत्री के हाथ में एक पैम्फलेट है जिसमें लिखा है- बलात्कार, हत्या, चोरी, डकैती, भ्रष्टाचार।' वहीं प्रधानमंत्री के हाथ में जो पैम्फलेट है, उसमें लिखा- 'केंद्र की सत्ता बचा रहे, बिहार को सता रहे।'

## संक्षिप्त समाचार

### पीलीभीत में बाघ के हमले में किसान की मौत

उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले में सोमवार सुबह बाघ के हमले में एक किसान की मौत हो गयी। वन विभाग के एक अधिकारी ने घटना की पुष्टि की है। वन विभाग के अधिकारी के मुताबिक सोमवार सुबह जिले के न्यूरिया थाना क्षेत्र के बड़ी फुलहर गांव में बाघ ने एक किसान दयाराम (39) पर हमला कर दिया। बाघ के हमले में गंभीर रूप से घायल होने के बाद किसान की मौत हो गयी। दयाराम सुबह अपने घर के सामने खेत में गन्ने की फसल देखने गया था, जहां पहले से बैठे बाघ ने उस पर हमला कर दिया और गन्ने के खेत में 20 मीटर अंदर तक घसीट ले गया। उसकी चीख सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे लोग पहुंचे तब तक दयाराम की मौत हो चुकी थी। प्रभागीय वन अधिकारी (डीएफओ) भरत कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि वन विभाग की टीम को मौके पर भेजकर पूरे क्षेत्र को घेर लिया गया है। क्षेत्र के ग्रामीणों को सतर्क कर दिया गया है। मृतक किसान दयाराम के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस और वन विभाग की टीम को ग्रामीणों ने बताया कि दो माह से क्षेत्र में बाघ घूम रहा है। इस संबंध में ग्रामीणों द्वारा वन विभाग से कई बार शिकायत की गई, लेकिन अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया। इस घटना के बाद ग्रामीणों और मृतक के परिजनों में रोष व्याप्त है।

### मस्जिद के तालाब में डूबने से 12 वर्षीय लड़के की मौत

उडुपी के बेंइन्दूर इलाके में बीती शाम एक दुखद घटना में एक 12 वर्षीय बालक गलती से एक मस्जिद के तालाब में फिसल गया और डूबने से उसकी मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मृतक की पहचान बेइन्दूर के अब्दुल रहीम के बेटे अयान रज्जा (12) के रूप में हुईहै। खबरों के मुताबिक, वह येदथारे गांव में जामिया मस्जिद के पास तालाब में अपने पैर धोने गया था तभी वह फिसलकर गहरे पानी में गिर और डूबने से उसकी मौत हो गई। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## सुप्रीम कोर्ट बोला- केंद्र-राज्य सरकारें हेट स्पीच को रोकें

### लेकिन नागरिकों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता बनी रहे; हेट स्पीच के आरोपी की गिरफ्तारी पर रोक लगाई

सुप्रीम कोर्ट बोला- लोगों को हेट स्पीच कंटेंट को लाइक नहीं करना चाहिए सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र, राज्यों और वजाहत खान के वकील से सुझाव मांगे कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को नुकसान पहुंचाए बिना हेट स्पीच को कैसे नियंत्रित किया जा सकता है।



एजेंसी

नई दिल्ली , सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा- केंद्र और राज्य सरकारें हेट स्पीच यानी नफरत फैलाने वाले भाषणों को रोकें। साथ ही इस बात का ध्यान रखें कि नागरिकों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उल्लंघन न हो। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने कहा- लोग नफरत भरे भाषण को बोलने की आजादी समझ रहे हैं, जो गलत है। लोगों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को लेकर जागरूक करने की जरूरत है, ताकि सरकार को इसे नियंत्रित करने की जरूरत न पड़े। सुप्रीम कोर्ट ने ये बातें कोलकाता के वजाहत खान की याचिका पर सुनवाई के दौरान की। उस पर कई राज्यों में सोशल मीडिया पर नफरत और सांप्रदायिक अशांति भड़काने वाला कंटेंट पोस्ट करने के आरोप में मामले दर्ज किए गए हैं। कोर्ट कहा- लोगों को हेट स्पीच क्यों अटपटे और गलत नहीं लगते हैं। ऐसे कंटेंट पर नियंत्रण होना चाहिए। साथ ही लोगों को भी ऐसे नफरत भरे कंटेंट को शेयर करने और लाइक करने से बचना चाहिए। वकील बोला- मेरे क्लाइंट ने माफी मांग ली है सुप्रीम कोर्ट ने खान की गिरफ्तारी पर रोक जारी रखी है। साथ ही कहा, बार-बार ऋकफ और जेल भेजने से क्या फायदा? क्या वास्तव में सभी केस एक ही ट्वीट से जुड़े हैं? इस पर खान के वकील ने कहा- मेरे क्लाइंट ने पुराने ट्वीट्स को लेकर माफी मांग ली है। मैं सिर्फ यही चाहता हूं कि कोर्ट यह देखे कि सभी ऋकफ वाकई इन्हीं ट्वीट्स से जुड़ी हैं या नहीं।

## हरियाणा और गोवा को मिला नया राज्यपाल

### कविंदर गुप्ता को बनाया गया लद्दाख का एलजी

ये नियुक्तियाँ उस तिथि से प्रभावी होंगी जिस दिन नए नियुक्त व्यक्ति अपने-अपने कार्यालयों का कार्यभार संभालेंगे। ये नियुक्तियाँ दो राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में प्रमुख संवैधानिक पदों पर फेरबदल का संकेत हैं।



एजेंसी

सोमवार को जारी एक आधिकारिक सूचना के अनुसार, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रोफेसर अशीम कुमार घोष को हरियाणा का नया राज्यपाल और पुसापति अशोक गजपति राजू को गोवा का राज्यपाल नियुक्त किया है। जम्मू-कश्मीर के पूर्व उपमुख्यमंत्री कविंदर गुप्ता को लद्दाख का नया उपराज्यपाल नियुक्त किया गया है। राष्ट्रपति ने लद्दाख के उपराज्यपाल पद से ब्रिगेडियर (डॉ.) बीडी मिश्रा (सेवानिवृत्त) का इस्तीफा भी स्वीकार कर लिया है। ये नियुक्तियाँ उस तिथि से प्रभावी होंगी जिस दिन नए नियुक्त व्यक्ति अपने-अपने कार्यालयों का कार्यभार संभालेंगे। ये नियुक्तियाँ दो राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में प्रमुख संवैधानिक पदों पर फेरबदल का संकेत हैं। आशिम कुमार घोष, जिन्होंने वरिष्ठ शैक्षणिक पदों पर कार्य किया है और उच्च शिक्षा में अपने प्रशासनिक अनुभव के लिए जाने जाते हैं, हरियाणा के राज्यपाल का पदभार ग्रहण करेंगे। वरिष्ठ राजनीतिक हस्ती और पूर्व केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री, पुष्पति अशोक गजपति राजू, गोवा में कार्यभार संभालेंगे। राजू ने अपने दशकों लंबे राजनीतिक जीवन में आंध्र प्रदेश और केंद्र दोनों में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है।

## बोर्ड लगाकर बताएं-समोसे में कितना तेल, जलेबी में कितनी शक्कर

### केंद्र सरकार का आदेश- स्कूल-ऑफिस कैंटीन खाने में कैलोरी की जानकारी

**समोसा-जलेबी पर चेतावनी होगी, लेकिन पाबंदी नहीं**

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक समोसे, जलेबी को लेकर चेतावनी तो लिखी जाएगी, लेकिन उन पर पाबंदी नहीं लगाई जाएगी। केंद्र सरकार के सभी मंत्रालयों, विभागों और स्वायत्त संस्थानों की कैंटीन में यही नियम लागू होगा।



एजेंसी

नई दिल्ली , आपके समोसे में कितना तेल है, लड्डू और जलेबी में कितनी शक्कर है और वड़ा पाव में कितनी कैलोरी है, यह जानकारी भी स्नैक्स के साथ मिलेगी। स्वास्थ्य मंत्रालय ने केंद्र सरकार के सभी विभागों से कहा है कि वे अपनी कैंटीन में बेचे जा रहे सामान के लिए 'तेल और शक्कर' चेतावनी बोर्ड लगाएं। आगे बढ़ने से पहले एक नजर समोसे में मौजूद कैलोरीज पर अब 6

सवाल 1: समोसा और जलेबी का ये नियम क्या है?

जवाब: भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय ने अब समोसा, जलेबी, लड्डू और वड़ा पाव जैसी खाने की चीजों को स्वास्थ्य के लिए हानिकारक मानते हुए इन पर चेतावनी जारी करने को कहा है। इसके लिए केंद्रीय संस्थानों में 'तेल और शक्कर चेतावनी बोर्ड' लगाने के निर्देश दिए गए हैं।

## कांवड़ यात्रा के दौरान किसी भी तरह की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी

**सीएम रेखा गुप्ता की चेतावनी**

एक कार्यक्रम से इतर उन्होंने कहा कि सरकार शिवभक्तों के लिए पूरी तरह सुरक्षित और आरामदायक कांवड़ यात्रा सुनिश्चित करेगी। हम पूरी सुविधाएँ देंगे और कांवड़ियों का स्वागत करेंगे।



एजेंसी

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कुछ दिन पहले शाहदरा में यात्रा मार्ग पर कांच के टुकड़े बिखरे पाए गए थे। एक कार्यक्रम में बोलते हुए, गुप्ता ने यात्रा में किसी भी तरह की बाधा उत्पन्न करने के खिलाफ चेतावनी दी और कहा कि उनकी सरकार कांवड़ियों को सुविधाएँ प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर लगभग 400 मीटर तक कांच के टुकड़े बिखरे हुए पाए गए। किसी भी तरह की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अगर कांवड़ यात्रा में कोई सुरक्षा बाधा या रुकावट पैदा की जाती है, तो संबंधित व्यक्ति को सरकार को जवाब देना होगा।

## दीवार फांदकर नक्शबंद साहिब कब्रिस्तान पहुंचे उमर अब्दुल्ला, धक्का-मुक्की का लगाया आरोप

### जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला दीवार फांदकर नौहट्टा स्थित शहीदों कब्रिस्तान में दाखिल हुए

**'हमें रोकने की कोशिश की'**

वहीं, मीडिया से बात करते हुए जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री ने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जो लोग कानून-व्यवस्था बनाए रखने के जिम्मेदारी हैं, उनके आदेश पर हमें कल फातिहा पढ़ने की इजाजत नहीं दी गई. सुबह से ही सभी को नजरबंद कर दिया गया था. जब मैंने कंट्रोल रूम को बताया कि मैं यहां फातिहा पढ़ने आना चाहता हूं, तो कुछही मिनटों में मेरे घर के बाह बैरियर लगा दिए गए और वे रात के 12-1 बजे तक वहां रहे. आज मैं बिना किसी को बताए यहां आया था. आज भी उन्होंने हमें रोकने की कोशिश की.



एजेंसी

श्रीनगरः केंद्र सरकार के खिलाफ एक आक्रामक कदम उठाते हुए जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला सोमवार को अपने कैबिनेट मंत्रियों के साथ नौहट्टा स्थित शहीदों के कब्रिस्तान पहुंचे, जहां उन्हें रोकने की कोशिश की गई. हालांकि, अब्दुल्ला दीवार फांदकर कब्रिस्तान में दाखिल हो गए. इस संबंध में उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, 13 जुलाई 1931 के शहीदों की कब्रों पर श्रद्धांजलि अर्पित की और फातिहा पढ़ी. अनिर्वाचित सरकार ने मेरा रास्ता रोकने की कोशिश की और मुझे नौहट्टा चौक से पैदल चलने पर मजबूर किया. उन्होंने नक्शबंद साहब की दरगाह का दरवाजा बंद कर दिया और मुझे दीवार फांदने पर मजबूर किया. उन्होंने मुझे शारीरिक रूप से पकड़ने की कोशिश की, लेकिन आज मैं रुकने वाला नहीं था.

**'हम किसी के गुलाम नहीं'**

उमर अब्दुल्ला ने आगे कहा, मैं जानना चाहता हूं कि किस कानून के तहत मुझे रोका गया...वे कहते हैं कि यह एक आजाद देश है, लेकिन वे सोचते हैं कि हम उनके गुलाम हैं. हम किसी के गुलाम नहीं हैं.

## सावन के पहले सोमवार पर शिवालयों में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**देशभर में हर हर महादेव की गूँज**

हम आपको बता दें कि वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर, उत्तराखंड के केदारनाथ और झारखंड के बाबा बैद्यनाथ धाम जैसे प्रमुख शिवधामों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। हजारों श्रद्धालु गंगा जल और अन्य पवित्र जल स्रोतों से जल लाकर शिवलिंग का अभिषेक करने पहुंचे।



एजेंसी

शिवभक्तों के लिए सावन के सोमवार का दिन सबसे पावन माना जाता है। इस वर्ष के पहले सोमवार को देशभर में शिवालयों में भक्ति, आस्था और श्रद्धा का अद्भुत नजारा देखने को मिल रहा है। कहीं शिवालयों में घंटों लंबी कतारें लगीं हैं तो कहीं कांवड़िये हर-हर महादेव के जयघोष के साथ जलाभिषेक कर रहे हैं। पूरे देश में यह दिन शिवभक्ति के उत्सव में बदल गया है। हम आपको बता दें कि वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर, उत्तराखंड के केदारनाथ और झारखंड के बाबा बैद्यनाथ धाम जैसे प्रमुख शिवधामों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। हजारों श्रद्धालु गंगा जल और अन्य पवित्र जल स्रोतों से जल लाकर शिवलिंग का अभिषेक करने पहुंचे।

**जिम्मेदारी** — एलजी मनोज सिन्हा का बड़ा बयान

## पहलगाम में सुरक्षा चूक हुई, मैं इसकी पूरी जिम्मेदारी लेता हूं...



सिन्हा ने टाइम्स ऑफ इंडिया को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि पहलगाम में जो हुआ वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण था; निर्दोष लोगों की बेरहमी से हत्या की गई। मैं इस घटना की पूरी ज़िम्मेदारी लेता हूँ, जो निस्संदेह एक सुरक्षा चूक थी।

एजेंसी

नयी दिल्ली। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने पहलगाम आतंकी हमले की पूरी ज़िम्मेदारी ली है। इस हमले में 26 लोगों की जान चली गई थी। टाइम्स ऑफ इंडिया के अनुसार, उन्होंने आगे कहा कि हालाँकि आतंकवादियों की पहचान हो गई है, लेकिन पुलिस अभी तक उन्हें पकड़ नहीं पाई है। एलजी मनोज सिन्हा ने कहा कि वह हमले की पूरी जिम्मेदारी लेते हैं और कहा कि यह वास्तव में सुरक्षा विफलता थी। सिन्हा ने टाइम्स ऑफ इंडिया को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि पहलगाम में जो हुआ वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण था; निर्दोष लोगों की बेरहमी से हत्या की गई। मैं इस घटना की पूरी ज़िम्मेदारी लेता हूँ, जो निस्संदेह एक सुरक्षा चूक थी। यहाँ आम धारणा यह रही है कि आतंकवादी पर्यटकों को निशाना नहीं बनाते। जिस जगह पर हमला हुआ वह एक खुला मैदान है। 2020 में कार्यभार संभालने वाले जम्मू-कश्मीर के दूसरे उपराज्यपाल ने भी एक चौंकाने वाली बात बताई। उन्होंने स्वीकार किया कि जिस जगह यह घटना हुई, वह एक खुला मैदान है और वहाँ सुरक्षा बलों के लिए कोई सुविधा या जगह नहीं थी। उन्होंने राष्ट्रीय दैनिक को बताया, ₹वहाँ सुरक्षा बलों के लिए कोई सुविधा या जगह नहीं है,₹ और आगे कहा कि यह एक पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी हमला था। इस मामले में एनआईए द्वारा की गई गिरफ्तारियाँ स्थानीय संलिप्तता की पुष्टि करती हैं, लेकिन फिर भी यह निष्कर्ष निकालना गलत होगा कि जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा वातावरण पूरी तरह से दूषित हो गया है। उन्होंने यह भी कहा कि घाटी में बंद और पथराव की घटनाएँ अब अतीत की बात हो गई हैं।

उपराज्यपाल ने बताया कि पहलगाम हमले के बाद जम्मू-कश्मीर में पर्यटकों की संख्या में भारी मात्रा में गिरावट आई है. उन्होंने कहा मुझे ऐसा लगता है कि अमरनाथ यात्रा इसके लिए नया मोड़ साबित होगा. अमरनाथ यात्रा की वजह से भारी संख्या में पर्यटक जम्मू-कश्मीर आ सकते हैं. सिन्हा ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखकर कई सभी जगहों को यात्रियों के लिए खोल दिया गया है. कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने मनोज सिन्हा के बयान को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा. खेड़ा ने कहा कि आखिरकार उन्होंने हमले के 82 दिन बाद पहलगाम हमले की ज़िम्मेदारी ले ली. उन्होंने कहा कि ऐसा करके वो दिल्ली में किसकी रक्षा कर रहे हैं? इसके आगे खेड़ा ने कहा कि कितने दिन, हफ्ते, महीने लगेंगे जब उन्हें जिम्मेदार ठहराया जाएगा.

## समाज को ऐसे लोगों की जरूरत, जो सरकार के खिलाफ याचिकाएं दायर करें, नितिन गडकरी का बयान



नागपुर में स्वर्गीय प्रकाश देशपांडे स्मृति कुशल संगठक पुरस्कार समारोह में बोलते हुए, वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि अदालती आदेश से ऐसे काम हो सकते हैं जो सरकार भी नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि समाज में कुछ ऐसे लोग होने चाहिए जो सरकार के खिलाफ अदालत में याचिका दायर करें। इससे राजनेताओं में अनुशासन आता है।

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने लोक प्रशासन में अनुशासन सुनिश्चित करने के लिए सरकार के खिलाफ अदालती मामले दायर करने की आवश्यकता पर बल दिया है। नागपुर में स्वर्गीय प्रकाश देशपांडे स्मृति कुशल संगठक पुरस्कार समारोह में बोलते हुए, वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि अदालती आदेश से ऐसे काम हो सकते हैं जो सरकार भी नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि समाज में कुछ ऐसे लोग होने चाहिए जो सरकार के खिलाफ अदालत में याचिका दायर करें। इससे राजनेताओं में अनुशासन आता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि सरकार के मंत्री भी वह काम नहीं कर सकते जो अदालती आदेश से हो सकता है। लोकप्रिय राजनीति राजनेताओं और मंत्रियों के आड़े आती है। गडकरी ने बताया कि इस कार्यक्रम में कुशल संगठक के रूप में सम्मानित किए गए लोगों ने सरकार के खिलाफ ऐसी कई कानूनी लड़ाइयाँ लड़ीं।

देश में सड़क नेटवर्क में क्रांति लाने के लिए जाने जाने वाले भाजपा नेता ने कहा कि कुशल संगठकों ने शिक्षा क्षेत्र में गलत सरकारी फैसलों के खिलाफ कई अदालती मामले दायर किए और कई मौकों पर सरकार को अपने फैसले वापस लेने के लिए मजबूर भी किया।

## सम्पादकीय

### आर्थिकी के लिए चुनौती बने बैंकिंग फ्रॉड, इन मामलों से घटता है जनता का भी भरोसा

निकट भविष्य में डिजिटल बैंकिंग अर्थव्यवस्था का नेतृत्व करेगी। फिनटेक भारतीय बैंकिंग और भुगतान प्रणाली के लिए आगे का रास्ता है। बस आवश्यकता है इसे सुगम और सुरक्षित बनाने की। इसके लिए बैंकों द्वारा केवल ह्लसावधान रहेंह्व कहना पर्याप्त नहीं है। इससे काम नहीं चलने वाला है। समय के साथ पेमेंट इंडस्ट्री को मजबूत और टिकाऊ बनाना होगा। आरबीआइ द्वारा हाल में जारी किए बैंकिंग धोखाधड़ी के आंकड़े चिंतित करते हैं। इसके अनुसार देश में बैंकिंग धोखाधड़ी का दायरा तेजी से बढ़ रहा है। वित्त वर्ष 2023-24 में धोखाधड़ी की रकम 12,230 करोड़ रुपये थी, जो 2024-25 में करीब तीन गुना बढ़कर 36,014 करोड़ रुपये हो गई। इसमें सरकारी बैंकों में हुई धोखाधड़ी की राशि 25,667 करोड़ रुपये और निजी क्षेत्र के बैंकों में हुई धोखाधड़ी की राशि 10,088 करोड़ रुपये थी। आरबीआइ के अनुसार इस वृद्धि का एक बड़ा कारण 2023 में सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए 122 पुराने मामलों को जोड़ना है। हालांकि इससे बैंकों से गायब हुए 36,014 करोड़ रुपये की समस्या कम नहीं हो जाती। बैंकिंग धोखाधड़ी का प्रभाव वित्तीय नुकसान तक सीमित नहीं होता है। ये बैंकों में जनता के विश्वास को भी कम करते हैं। वर्ष 2016 में नए नोटों को प्रिंट करने के साथ आरबीआइ ने दावा किया था कि इनमें जो सुरक्षा के उपाय किए गए हैं, उनकी नकल करना काफी मुश्किल है, फिर भी यह नहीं रुक पा रहा है। 2024-25 में बैंकिंग सेक्टर में पकड़े गए नकली नोटों की संख्या में 200 और 500 रुपये की श्रेणी में क्रमशः 14 प्रतिशत और 37 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। यह नहीं कहा जा सकता कि सरकार और रिजर्व बैंक इसे रोकने के लिए प्रयास नहीं कर रहे हैं, लेकिन जैसे-जैसे नोटों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए नए-नए उपाय किए जा रहे हैं, वैसे-वैसे ठग उनकी नकल करने की तकनीक भी विकसित करते जा रहे हैं, जिससे आम आदमी के लिए नकली और असली नोटों के बीच अंतर करना मुश्किल हो जाता है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने पाया है कि इन नकली नोटों को भारत भेजने के लिए नेपाल और पाकिस्तान के मार्ग का उपयोग किया जा रहा है।ये नकली नोट पाकिस्तान में छापे जाते हैं। बाजार में नकली करेंसी आने से मौजूद धन की मात्रा में वृद्धि हो जाती है, जो बाजार में मुद्रास्फीति को बढ़ाती है और माल एवं सेवाओं की भारी मांग उत्पन्न करती है। इसके अतिरिक्त ऐसे नकली नोटों का उपयोग आतंकवादियों द्वारा भारत के खिलाफ किया जा रहा है। जाली नोट किसी भी अर्थव्यवस्था के लिए घातक होते हैं। इससे पार पाना आरबीआइ और सरकार के लिए एक बड़ी चुनौती है।

## आज का विचार

क्यों डरें ज़िन्दगी
में क्या होगा
कुछ ना होगा तो
तज़ुरबा होगा

भारत संवाद




**मेष राशि:** करियर: माता-पिता के आशीर्वाद से आज काम में अच्छे परिणाम मिलेंगे. आपके व्यवहार और काम का सकारात्मक असर दूसरों पर पड़ेगा. बिजनेस: अगर आप कोई नया बिजनेस शुरू करना चाहते हैं, तो बिजनेस से जुड़े अनुभवी लोगों से सलाह जरूर लें.

**वृषभ राशि :** करियर: आज दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी, जिससे मन प्रसन्न रहेगा. नौकरी में स्थिति सामान्य रहेगी, धैर्य बनाकर रखें. बिजनेस: व्यवसायिक गतिविधियां थोड़ी धीमी रहेंगी, लेकिन परिस्थितियों को देखते हुए संयम ही उचित रहेगा. धन: घर की सुख-सुविधाओं से जुड़ा कोई सामान खरीदने का योग बन रहा है.

**मिथुन राशि:** करियर: नई नौकरी के योग बन रहे हैं. किसी उलझन का समाधान होगा जिससे मन हल्का रहेगा. बिजनेस: आर्थिक गतिविधियों पर ध्यान दें. खर्चों को सीमित रखें और अनावश्यक मामलों में हस्तक्षेप से बचें. धन: किसी दोस्त की आर्थिक मदद करनी पड़ सकती है.

**कर्क राशि:** करियर: दिनचर्या व्यवस्थित रखने से कार्य समय पर पूरे होंगे. काम पर ध्यान देना भविष्य में फायदेमंद रहेगा. बिजनेस: बिजनेसमैन किसी कंपनी के साथ साझेदारी कर सकते हैं. नई योजनाओं पर काम शुरू होगा. धन: वित्तीय मामलों में सोच-समझकर निर्णय लें.

**सिंह राशि :** करियर: वरिष्ठों का सहयोग मिलेगा. ऑफिस में प्रेजेंटेशन या नई जिम्मेदारी मिल सकती है. बिजनेस: नया कॉन्ट्रैक्ट मिल सकता है. राजनीतिक संबंध भी लाभ देंगे. धन: रुके हुए पैसे वापस मिल सकते हैं.

**कन्या राशि:** करियर: ऑफिस में काम का दबाव रहेगा. सहयोगियों से तालमेल बनाए रखें. बिजनेस: व्यावसायिक सफलता से माता-पिता प्रसन्न होंगे. धन: फिजूलखर्ची से बचें. अपनी जरूरतों को प्राथमिकता दें. शिक्षा: प्रोजेक्ट पूरा करने में भाई-बहन या टीचर की मदद लें. लव/पारिवारिक:

**तुला राशि:** करियर: दिन तरक्की देने वाला रहेगा. कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी. बिजनेस: अटका पैसा वापस मिलने की संभावना है. धन: सुख-सुविधा की वस्तुओं की खरीदारी में खर्च होगा. शिक्षा: बच्चों को आपकी सलाह से लाभ मिलेगा. लव/पारिवारिक: रिश्तों में प्रेम बढ़ेगा. परिवार के साथ समय बिताने से मन प्रसन्न रहेगा.

**वृश्चिक राशि :** करियर: काम समय पर पूरे होंगे. समाज में आपकी छवि सुधरेगी. बिजनेस: आज व्यवसाय में लाभ की स्थिति बन सकती है. धन: परिवार पर धन खर्च होगा. शिक्षा: शिक्षकों का दिन व्यस्त रहेगा.

**धनु राशि :** करियर: जीवनसाथी के साथ बाहर जाने का मौका मिलेगा. किसी अनुभवी व्यक्ति का मार्गदर्शन लाभ देगा. बिजनेस: कोई नई योजना शुरू हो सकती है. धन: रुकी हुई आर्थिक समस्या सुलझ सकती है. शिक्षा: विद्यार्थियों को मेहनत का अच्छा परिणाम मिलेगा. लव/पारिवारिक: पारिवारिक रिश्ते मधुर रहेंगे.

**मकर राशि :** करियर: परिस्थितियां आपके पक्ष में रहेंगी. सकारात्मक सोच से काम सफल होंगे. बिजनेस: प्रॉपर्टी डीलिंग से लाभ मिल सकता है. धन: धन के मामलों में सजग रहें. शिक्षा: विद्यार्थी मन लगाकर पढ़ाई करेंगे.

**कुंभ राशि :** करियर: अतिरिक्त जिम्मेदारियां पूरी होंगी. समाज में पहचान बढ़ेगी. बिजनेस: फैशन डिजाइनिंग से लाभ हो सकता है. धन: आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी. शिक्षा: विद्यार्थियों का पढ़ाई में मन लगेगा.

**मीन राशि:** करियर: कार्यक्षेत्र में तालमेल अच्छा रहेगा. मार्केटिंग में सफलता मिलेगी. बिजनेस: बिजनेस को आगे बढ़ाने के लिए विशेषज्ञ की सलाह लें. धन: धन से जुड़ा मामला सुलझ सकता है. शिक्षा: छात्रों के लिए दिन अच्छा रहेगा. लव/पारिवारिक: लवमेट के लिए दिन शानदार रहेगा. जीवनसाथी से भावनात्मक सहयोग मिलेगा.

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# जरूरी सवालों की अनदेखी करती रिपोर्ट, पूरा दोष पायलटों पर मढ़ने का प्रयास

> स्वाभाविक तौर पर इसमें तमाम जटिलताएं आएंगी लेकिन इस काम को पूरा करने की प्रक्रिया में सभी जांच एजेंसियों को कोई कोर-कसर शेष नहीं रखनी चाहिए। यह भी उतना ही महत्वपूर्ण होगा कि इस जांच के दायरे में उन अन्य अनेक कंपनियों और नियामकों को भी जोड़ना चाहिए जो 787 विमानों के परिचालन से जुड़े हैं।

पिछले माह अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त एअर इंडिया के विमान की आरंभिक जांच रिपोर्ट जवाब से कहीं अधिक सवाल उठाने वाली है। अहमदाबाद से लंदन के लिए जा रही उड़ान संख्या एआइ 171 की दुर्घटना से जुड़ी यह रिपोर्ट पहली नजर में ही पूर्वाग्रह से ग्रस्त दिखती है। इसमें किसी न किसी तरह पूरा दोष उन पायलटों पर मढ़ने का प्रयास है, जो इस हादसे में मारे गए। तथ्यात्मक रूप से रिपोर्ट यही बताती है कि टेक ऑफ यानी उड़ान भरते समय इंजन बंद हो गए थे। ऐसी स्थिति में रैट-रैम एयर टरबाइन स्वाभाविक रूप से सक्रिय हो जाता है। रैट असल में एक आपातकालीन उपकरण है, जो विमान के दोनों इंजनों के बंद होने की स्थिति में आवश्यक ऊर्जा प्रदान करता है। इसमें विमान की गति से चलने वाली हवा के उपयोग से ही ऊर्जा उत्पन्न होती है। रैट फ्यूल स्विच/वाल्व को कट ऑफ करने की स्थिति में सक्रिय नहीं होता। वैसे भी पायलट इतने मूर्ख नहीं होते कि दोनों इंजनों के फेल हो जाने की स्थिति में फ्यूल को कट ऑफ कर दें। फ्यूल कट ऑफ का तर्क तभी गले उतरता है, जब अंतिम उपाय के रूप में अपनी जान बचाने के लिए पायलट इंजनों को दोबारा चालू करने का प्रयास करते हैं। प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में चालक दल की आपसी बातचीत को लेकर रहस्य बुनने की मंशा भी बहुत चौंकाने वाली है। यह असंभव सी बात है कि ऐसी आपात स्थिति के दौरान काकपिट में कोई



हलचल न हुई हो। ऐसी परिस्थितियों में वहां इतनी शांति कैसे हो सकती है। जाहिर है कि कुछ पहलुओं को जानबूझकर छिपाने का प्रयास किया जा रहा है। जिस तरह रिपोर्ट लिखी गई है उसका भाव यही संकेत करता है कि यह कुछ और नहीं, बल्कि विमान दुर्घटना के लिए पायलटों को दोषी ठहराने का गुप्त प्रयास है। इसके अलावा यह भी समझ से परे है कि जब जांच के किसी ठोस नतीजे पर पहुंचने में अभी और तीन माह से लेकर एक साल तक का समय लग सकता है तो फिर बोइंग एवं इंजन बनाने वाली कंपनी जीई को क्यों संदेह के दायरे से दूर रखा जा रहा है? फिर इस जांच रिपोर्ट को रात करीब दो बजे जारी करने का क्या तुक, जब इस दुर्घटना से सर्वाधिक प्रभावित भारत और ब्रिटेन जैसे देशों में कामकाज करीब-करीब बंद हो जाता है। पायलट, सेफ्टी मैनेजमेंट सिस्टम और उससे जुड़े पेशेवरों के अलावा आडिटर और जांचकर्ताओं के लिए किसी उड़ान के दो सबसे महत्वपूर्ण पड़ाव टेक ऑफ और लैंडिंग होते हैं। इस दौरान पूरा ध्यान विमान को करीब 2000 फीट तक मैनुअली उड़ाने पर होता है, जिसके लिए हाथ से ही सभी उपकरणों को चलाना पड़ता है। उसके बाद ही विमान आटो-पायलट की अवस्था में आ सकता है। थ्रस्ट सेटिंग भी मैनुअल होती है और इस कवायद में पूरा फोकस विमान से जुड़ी अहम नियंत्रक प्रणालियों पर होता है। चूंकि यह रिपोर्ट एक व्यापक परिचालन वाले बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान से जुड़ी है तो पूरी दुनिया के लिए उसके गहरे निहितार्थ हैं। रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि फ्यूल वाल्व-स्विच कट ऑफ यानी निष्क्रिय कर दिए गए थे। इसके दूर-दूर तक कोई आसार नहीं दिखते कि कोई भी पायलट विशेष रूप से टेक ऑफ के दौरान और जब उसे सबसे अधिक थ्रस्ट की जरूरत होगी, तब वह फ्यूल स्विच से कोई छेड़छाड़ करेगा। इस दौरान अमूमन काकपिट के फ्रंट पैनल में लगे लैंडिंग गीयर उठाने या फ्लैप्स उठाने पर जोर रहता है। ऐसे में अगर फ्यूल वाल्व-स्विच को कट ऑफ स्थिति में ले जाने के लिए वापस मोड़ने की वजह बताई जाए तो यह गहन जांच का विषय है। फ्यूल वाल्व/स्विच पर संकेतक होता है कि इसमें विसंगति हो सकती है। अमेरिका के संघीय विमानन प्रशासन-एफएए ने यह माना भी है। एफएए ने 2018 में वायु परिवहन के मोर्चे पर एक चेताने वाले बुलेटिन में कहा था कि कुछ ऐसे मामले में सामने आए हैं, जिनमें फ्यूल स्विच अपने आप ही कट ऑफ स्थिति में चला गया। इनमें जापान और यूरोपीय विमानन सेवाओं से जुड़े मामलों का संदर्भ भी था। मेरे विचार में अगर स्विच में कोई खराबी थी तो यही दुर्घटना का सबसे संभावित कारण हो सकता है। ऐसे में एनटीएसबी, एफएए, ईएएसए के अलावा एएआइबी जैसी एजेंसियों को यह जांचने-परखने की जरूरत है कि फ्यूल स्विच क्यों कट ऑफ अवस्था में चले गए, क्योंकि कोई पायलट ऐसी मूर्खता नहीं करेगा कि उड़ान के जिस पड़ाव पर उसे सबसे अधिक ऊर्जा की जरूरत हो तो वह उसके स्रोत को ही बंद कर दे। उचित होगा कि हम समग्र एवं यापक जांच रिपोर्ट के सामने आने की प्रतीक्षा करें। एआइ 171 उड़ान हादसे से जुड़ी आरंभिक रिपोर्ट पर गौर करें तो यदि फ्यूल कट ऑफ स्विच अपने आप ही हरकत में आ गए तो यह उन तमाम विमानन कंपनियों के लिए सतर्कता बढ़ाने का समय है, जो ड्रीमलाइनर 787 विमानों से परिचालन कर रही हैं। उन्हें फ्यूल स्विच प्रणालियों की सघन समीक्षा और व्यापक जांच-पड़ताल करनी होगी। बोइंग 787 ड्रीमलाइनर व्यापक डिजिटल एवं साफ्टवेयर प्रणाली पर संचालित विमान है, जिसे निरंतर रूप से सिस्टम अपडेट एवं सिक्योरिटी पैच की भी आवश्यकता होती है। अगर फ्यूल स्विच कट ऑफ हो गए तो इसके पीछे के कारण को तलाशना होगा। स्वाभाविक तौर पर इसमें तमाम जटिलताएं आएंगी, लेकिन इस काम को पूरा करने की प्रक्रिया में सभी जांच एजेंसियों को कोई कोर-कसर शेष नहीं रखनी चाहिए। यह भी उतना ही महत्वपूर्ण होगा कि इस जांच के दायरे में उन अन्य अनेक कंपनियों और नियामकों को भी जोड़ना चाहिए, जो 787 विमानों के परिचालन से जुड़े हैं।

# ट्रंप के टैरिफ वार पर जग हंसाई- दुनियाँ से दुश्मनी की नौबत आई ?- नोबेल शांति पुरस्कार पाने की चांस घटाई?

एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं

वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियाँ जानती है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा अमेरिकी फर्स्ट, टैरिफ, मेक अमेरिका ग्रेट अगेन, गैरकानूनी अप्रवासियों का मुद्दा सहित अनेको वादे किए थे जिन्हें पूरा करने के लिए वह हद से अधिक स्पीड से भिड़ गए हैं, परंतु में जल्दबाजी से कोई भी काम करना हानिकारक हो सकता है, इसपर भारत में कई कहावतें हैं, जैसे जल्दबाजी का काम शैतानी कम, धैर्य रखो सहित अनेकों कहावतें हैं। आज हम इस विषय पर चर्चा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि ट्रंप जब से चुनकर आए हैं, अपने चुनावी वादे बहुत जल्दबाजी से लागू करने उमड़ पड़े हैं, जबकि मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र मानता हूं के किसी भी काम, वादों, उम्मीदों को पूरा करने धैर्य से व संकल्प के साथ रणनीतिक रूप से काम करने कीजरूरत है, ताकि उसके दूरगामी सकारात्मक परिणाम देखने को मिले। मेरे विचार में शायद ट्रंप साहब इस जल्दबाजी में ही काम कर रहे हैं, जिसका सटीक उदाहरण यह है कि जिस तरह वह निर्णय लेकर फिर उन्हें खारिज करना, या उन्हेंएक्सटेंशन देना एक बारगेनिंग नीति की और बढ़ रहे हैं, अफ्रीकी पांच देशों के के साथ सम्मेलन में व्यवहार, अनेक आर्थिक मजबूत देशों से व्यवहार सहित अनेक मुद्दों पर दबावतंत्र व दादागिरी का आभास हो रहा है, कि पूरी दुनियाँ से एक तरह से दुश्मनी की ओर पग बढ़ा रहे हैं। क्योंकि वह अपने घरेलू यूरोपीय यूनियन पर भी टैरिफ लगाकर, चीन पर 145 पर्सेंट टैक्स लगाकर फिर पीछे हटना, सभी को टैरिफ का अल्टीमेटम देकर दबाव बनाना उचित नहीं है, इस बात का संयुक्त वक्तव्य ब्रिक्स सम्मेलन में भी दिया गया था। चूँकि ट्रंप जब से राष्ट्रपति बने हैं अपनी नीतियों, बयानों




से सुर्खियों में रहे हैं, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, ट्रंप के टैरिफ वार पर जग हंसाई- दुनियाँ से दुश्मनी की नौबत आई ?-नोबेल शांति पुरस्कार पाने की चांस घटाई ?साथियों बात अगर हम 12 जुलाई 2025 को मेक्सिको व यूरोपीय यूनियन पर 30 पेर्सेंट टैरिफ 1 अगस्त 2025 से लागू करने की घोषणा करने की करें तो, उन्होंने इस संबंध में मैक्सिको और यूरोपीय संघ को लिखे पत्रों को अपने सोशल मीडिया हैंडल से शेयर करके जानकारी दी।ट्रंप के इस कदम से ट्रेड वॉर के और तीव्र होने की संभावना बढ़ गई है, खासकर ऐसे समय में जब यूरोपीय संघ अपने सहयोगी अमेरिका के साथ एक व्यापक व्यापार समझौते पर काम कर रहा है। 27 सदस्यीय यूरोपीय संघ को अब अमेरिकी बाजारों में भारी बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है, ट्रंप की यह घोषणा इस सप्ताह की शुरूआत में जापान, साउथ कोरिया, कनाडा और ब्राजील से आने वाले सामानों पर टैरिफ में की गई बढ़ोतरी के बाद आई है।उन्होंने इन देशों से तांबे के आयात पर 50 प्रतिशत का भारी टैरिफ लगाया है।यूरोपियन यूनियन कमीशन की प्रेसिडेंट ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के फैसले पर कहा, 'यूरोपीय संघ के निर्यात पर 30 परसेंट टैरिफ अटलांटिक के दोनों ओर के व्यवसायों, उपभोक्ताओं और मरीजों को नुकसान पहुंचाएगा।हम 1 अगस्त तक समझौते की दिशा में काम करना जारी रखेंगे, साथ ही, हम 30 पेर्सेंट टैरिफ के इस फैसले पर उचित प्रक्रियात्मक कदम उठाने और यूरोपीय संघ के हितों की रक्षा के लिए तैयार हैं।इस चिट्ठी में कहा गया है कि मजबूत संबंधों के बावजूद, अमेरिका ने मैक्सिको के 'फेंटेनल संकट' से निपटने के लिए उस पर टैरिफ लगाया है, इसके बारे में कहा गया कि यह आंशिक तौर पर मैक्सिको की तरफ से कार्टेल्स को रोकने में असफलता के कारण है, ट्रंप के अनुसार, मेक्सिको मुझे बॉर्डर सुरक्षित करने में मदद कर रहा है, लेकिन इस देश ने जो किया है वह काफी नहीं है, मेक्सिको ने अभी तक उन कार्टेल्स को नहीं रोका है जो पूरे उत्तरी अमेरिका को नार्को-तस्करी के मैदान में बदलने की कोशिश कर रहे हैं. जाहिर है, मैं ऐसा नहीं होने दूंगा।अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने मैक्सिको और यूरोपियन यूनियन (ईयू) पर 30 फीसदी तक टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया है, इन देशों पर टैरिफ एक अगस्त से लागू हो जाएगा, इससे पहले ट्रंप ने अमेरिका के सात छोटे व्यापारिक साझेदारों को टैरिफ की चिट्ठी भेजी है जिसमें फिलीपींस, ब्रुनेई, मोल्दोवा, अल्जीरिया, लीबिया, इराक और श्रीलंका जैसे देश शामिल हैं।साथियों बात अगर हम ब्राजील में दो दिवसीय ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के संयुक्त वक्तव्य पर ट्रंप के नाराजगी वाले बयान की करें तो, एक संयुक्त वक्तव्य में पीएमसहित ब्रिक्स नेताओं ने कहा कि हम एकतरफा टैरिफ और गैर-टैरिफ उपायों के बढ़ने पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हैं, जो व्यापार को विकृत करते हैं और डब्ल्यूटीओ के नियमों के अनुरूप नहीं हैं। बयान में ह्लवैश्विक व्यापार में टैरिफ के बढ़ते उपयोगह्व का भी उल्लेख किया गया। हालांकि इस दौरान नाम नहीं लिया गया, लेकिन सभी जानते हैं कि बात अमेरिका की हो रही है।इसके अलावा ब्रिक्स के साझा बयान में चेतावनी दी गई कि टैरिफ के निरंतर ह्यअंधाधुंधह्ण उपयोग से वैश्विक व्यापार कम हो सकता है। इसके अलावा वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला बाधित हो सकती है, तथा अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक और व्यापारिक गतिविधियों में अनिश्चितता पैदा हो सकती है, जिससे मौजूदा आर्थिक असमानताएं और बढ़ सकती हैं। तेहरान अब इस संगठन का पूर्ण सदस्य है और यह अपरिहार्य था कि संयुक्त वक्तव्य में इजरायल के साथ सैन्य संघर्ष और अमेरिका द्वारा उसके परमाणु प्रतिष्ठानों पर बमबारी का उल्लेख किया गया। अब सवाल ये हैं कि आखिर क्यों ट्रंप ब्रिक्स को निशाना क्यों बना रहा है। इसको लेकर पश्चिम के अर्थशास्त्री और नीति विश्लेषक चाहे जो भी कहें, ऐसा प्रतीत होता है कि यह गुट अपने समर्थक जुटा रहा है और अमेरिका तथा अन्य पारंपरिक शक्तियों के लिए चुनौती के रूप में उभर रहा है। उदाहरण के लिए अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के लिए पसंदीदा मुद्रा के रूप में डॉलर को हटाने की बात करने को बल1 दे रहा है।

# समाज सुधार की राह पर विज्ञापन

लेखकः हर्ष मेहता

आज का युग सूचना का युग है हर तरफ सूचनाओं की बाढ़ है टीवी, मोबाइल, सोशल मीडिया और होर्डिंग्स जैसे माध्यमों से हमें निरंतर कोई न कोई संदेश मिल रहा है। इन संदेशों में सबसे प्रभावी और भावनात्मक पहलू होता है सामाजिक सरोकार पर आधारित विज्ञापन। ये ऐसे विज्ञापन होते हैं जो समाज में जागरूकता फैलाने, व्यवहार में बदलाव लाने और एक बेहतर कल की ओर प्रेरित करने का काम करते हैं।चाहे स्वच्छता अभियान हो, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, पर्यावरण संरक्षण, जल बचाओ या सड़क सुरक्षा ऐसे सभी सामाजिक विषयों पर आधारित विज्ञापन न केवल सरकारी योजनाओं का प्रचार करते हैं, बल्कि आम जनता को मानसिक रूप से झकझोरते हैं विज्ञापनः केवल उत्पाद नहीं, विचार भी बेचते हैं

जब हम ₹विज्ञापन₹ शब्द सुनते हैं, तो सबसे पहले हमारे दिमाग में कोई साबुन, तेल या मोबाइल की तस्वीर आती है। लेकिन एक जागरूक समाज के निर्माण में विज्ञापनों की भूमिका केवल उत्पाद बेचने तक सीमित नहीं होती, बल्कि वे विचार भी बेचते हैं जरूरी विचार, जिनसे समाज बदलता है सोचिए, अगर एक साधारण सा पोस्टर जिसमें एक बच्ची किताब लिए मुस्कुरा रही हो और नीचे लिखा हो ₹बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ₹ यह चित्र और संदेश मिलकर दिल को छू जाता है। यह सिर्फ एक सरकारी योजना का प्रचार नहीं है, यह समाज के एक पुराने सोच को तोड़ने की कोशिश है।दृश्य भाषा की ताकत

हमारी आंखें शब्दों से पहले चित्र पहचानती हैं। इसलिए दृश्य भाषा – यानि विजुअल इमेजेज – का प्रभाव कहीं अधिक गहरा होता है। एक मजबूत सामाजिक विज्ञापन में चित्र, रंग, फॉन्टहै दृश्य भाषा की ताकत

हमारी आंखें शब्दों से पहले चित्र पहचानती हैं। इसलिए दृश्य भाषा – यानि विजुअल इमेजेज – का प्रभाव कहीं अधिक गहरा होता है। एक मजबूत सामाजिक विज्ञापन में चित्र, रंग, फॉन्ट, भाव-भंगिमा, साउंड और शब्द सभी मिलकर एक ऐसा अनुभव रचते हैं जो सीधा दिल और दिमाग पर असर करता है स्थानीय भाषा और प्रतीकों का उपयोग सामाजिक संदेशों को जमीन तक पहुंचाने के लिए स्थानीय संदर्भ का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। उदाहरण के तौर पर, यदि किसी गांव में पानी की समस्या है, तो वहां ₹हर बूंद कीमती है₹ जैसे संदेश के साथ ग्रामीण परिवेश के चित्र ज्यादा प्रभावशाली होंगे।

### भावनाओं से जुड़ाव बनाना जरूरी है

किसी भी प्रभावी सामाजिक विज्ञापन का मूल तत्व होता है इमोशनल कनेक्शन। जब कोई मां अपने बच्चे को कुपोषण से बचाने की गुहार लगाती है या जब एक बच्चा प्लास्टिक से भरे नाले की सफाई करता दिखता है तब दर्शक केवल देख नहीं रहा होता, वह महसूस करता है। और यही एहसास उसे सोचने, बदलने और प्रतिक्रिया देने पर मजबूर करता है प्रेरणा और भागीदारी की भावना अच्छे सामाजिक विज्ञापन केवल समस्या नहीं दिखाते, वे समाधान की ओर भी इशारा करते हैं छोटे शहरों और गांवों में प्रभाव बड़े शहरों में तो लोग पहले से ही जागरूक हैं, लेकिन छोटे कस्बों और गांवों में सामाजिक विज्ञापनों की जरूरत और भी ज्यादा है शिक्षा और सहभागिता का माध्यम सामाजिक विज्ञापन न केवल सूचना देते हैं, बल्कि शिक्षा भी देते हैं आज के डिजिटल और विजुअल युग में सामाजिक सरोकार पर आधारित विज्ञापन न केवल जरूरी हैं, बल्कि अत्यंत प्रभावशाली भी हैं आइए, इस बदलाव का हिस्सा बनें एक अच्छा दृश्य, एक सही संदेश और एक ईमानदार कोशिश यही है भविष्य का रास्ता।

# लेटर आया और फडणवीस ने दे दिए जांच के आदेश! शिंदे का करीबी कौन है मुसीबत में? शिवसेना असमंजस में

महाराष्ट्र विधानसभा का मॉनसून सत्र शिवसेना विधायकों और मंत्रियों की वजह से चर्चा में है। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की ओर से मंत्रियों और विधायकों की पिटाई के वीडियो, घोटालों के आरोप, उनकी जांच जैसे कई कारणों से यह सत्र चर्चा में है। दरअसल महायुति के शिवसेना विधायक और मंत्री ही मुश्किल में फंसे हैं।



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः महाराष्ट्र विधानसभा का मॉनसून सत्र शिवसेना विधायकों और मंत्रियों की वजह से चर्चा में है। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की ओर से मंत्रियों और विधायकों की पिटाई के वीडियो, घोटालों के आरोप, उनकी जांच जैसे कई कारणों से यह सत्र चर्चा में है। दरअसल महायुति के शिवसेना विधायक और मंत्री ही मुश्किल में फंसे हैं। राजनीतिक गलियारों में अब यह चर्चा चल रही है कि क्या शिवसेना के मंत्री मुश्किल में पड़ रहे हैं या उन्हें मुश्किल में डाला जा रहा है? संजय शिरसाट विवादों मेंएकनाथ शिंदे के करीबी मंत्री संजय शिरसाट विवादों में हैं। आरोप है कि शिरसाट के बेटे के लिए छत्रपति संभाजीनगर स्थित होटल की नीलामी प्रक्रिया बदली गई। सामाजिक न्याय मंत्री संजय शिरसाट के बेटे सिद्धांत की सुविधा के लिए नीलामी प्रक्रिया बदली गई। इसके चलते आरोप लगाया गया कि नीलामी में अन्य बोलीदाताओं के साथ अन्याय हुआ। मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस ने पिछले हफ्ते इस मामले की जांच के आदेश दिए थे।शिरसाट की जांच से पार्टी में बेचैनीशिंदे के खास शिरसाट की जांच से पार्टी में बेचैनी है। ऐसा संदेह है कि शिवसेना के मंत्रियों को जानबूझकर परेशानी में डाला जा रहा है। विपक्ष ने शिरसाट की जांच की मांग नहीं की थी। फिर मुख्यमंत्री फडणवीस ने जांच का आदेश क्यों दिया? यही सवाल शिवसेना के मंत्रियों और विधायकों के मन में है। उस समय विधान परिषद में जो घटनाक्रम हुआ, वह शिवसेना के मंत्रियों और विधायकों को संदिग्ध लग रहा है।

# चुनावी मोड में बीजेपी, मुंबई में कब बजेगा बीएमसी चुनावों का बिगुल?

## प्रशासकों के हवाले हैं निगम

महानगर पालिकाओं का कार्यकाल 22 में खत्म हो गया था। इसके बाद महाराष्ट्र की राजनीति दूसरी उथल-पुथल के चलते चुनाव अटके रहे। बीएमसी, ठाणे, कल्याण-डोंबिवली, भिवंडी, नवी मुंबई, पनवेल, मीरा-भाईंदर सहित राज्य की तमाम महानगर पालिकाओं का का काम प्रशासक की देखरेख में संचालित हो रहा है। 248 नगर परिषदों का काम भी प्रशासक देख रहे हैं। इसी तरह 147 में से 42 नगर पंचायतें का कार्यभार प्रशासकों की देखरेख में चल रहा है। ग्रामीण महाराष्ट्र में 34 जिला परिषदों में से 32 में प्रशासक है। कुल 351 पंचायत समितियों में से 336 पर प्रशासक हैं।

## राज्य चुनाव आयुक्त का स्थानीय निकाय पर बड़ा बयान




भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में बीएमसी के आखिरी चुनाव 2017 में हुए थे। अभी तक संभावना जताई जा रही थी कि मुंबई में बीएमसी के चुनाव इसी साल के आखिर में हो सकते हैं लेकिन अब एक नया अपडेट सामने आया है कि महाराष्ट्र में मुंबई समेत 29 महानगर पालिकाओं के चुनावों में देरी भी हो सकती है। चुनावों के नवंबर-दिसंबर में होने की उम्मीद जताई जा रही है लेकिन यह भी संभावना बन रही है कि अगर इनमें कुछ देरी हुई तो चुनाव अगले साल की शुरूआत में भी जा सकते हैं। अभी मुंबई में वार्ड बनाने का काम चल रहा है। इसके बाद मतदाता सूची तैयार की जाएंगी। राज्य चुनाव आयोग ने जो संकेत मिल रहे हैं। उसके अनुसार मुंबई में नवंबर और दिसंबर में चुनाव हो सकते हैं। अगर कोई बाधा आई तो चुनाव जनवरी तक खिसक सकते हैं, हालांकि बीजेपी ने चुनावी मोड में दिख रही है। जिन स्थानीय निकायों में चुनाव होने हैं, वहां वार्ड गठन का काम चल रहा है। यह काम पूरा हो जाने के बाद, स्टेट इलेक्शन कमीशन प्रत्येक स्थानीय निकाय में आरक्षित वार्डों को चिह्नित करने का काम शुरू करेगा। इसके बाद मतदाता सूची तैयार की जाएगी। बीएमसी में 227 वार्डचुनाव आयोग ने पिछले महीने की 11 तारीख से वार्ड रचना की प्रक्रिया शुरू की थी। बीएमसी के सभी 227 वार्ड रचना की अधिसूचना 3 से 6 अक्टूबर के बीच जारी करने का निर्देश दिया गया है। वार्ड की रचना 2011 की जनगणना के अनुसार की जाएगी। इसमें कुछ जगहों पर संरचना और वार्ड की सीमाओं में बदलाव होने की उम्मीद है। महानगर पालिका और जिला परिषद के चुनाव अलग-अलग होंगे। वार्ड रचना का काम पूरा होने के बाद राज्य निर्वाचन आयोग चुनाव की घोषणा करेगा। महाराष्ट्र राज्य चुनाव आयोग (एसईसी) ईवीएम की आवश्यकताओं के बारे में भी समीक्षा कर रहा है। निकाय चुनाव के लिए एक चरण में 1 लाख 50 हजार ईवीएम मशीनों की जरूरत होगी. आयोग के पास सिर्फ 65 हजार ईवीएम मशीनें हैं। अभी तक निकाय चुनावों का मामला सुप्रीम कोर्ट में उलझा हुआ था. कोर्ट ने मई महीने में राज्य चुनाव आयोग को वार्डों के पुनर्गठन की प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश था।

### चुनावी मोड में आई बीजेपी

पिछले दिनों महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बड़ा बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि अगला मेयर महायुति का होगा। उनका इशारा साफ था कि मेयर की कुर्सी पर बीजेपी की नजर है। चुनाव आयोग द्वारा वार्ड रचना का काम शुरू किए जाने के साथ बीजेपी भी चुनावी तैयारियों में जुट गई है।

फास्ट ट्रैक

# मध्य रेल निम्नलिखित ट्रेनों को संशोधित संरचना के साथ चलाएगा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मध्य रेल अब से निम्नलिखित ट्रेनों को संशोधित संरचना के साथ चलाएगा, विवरण इस प्रकार हैः

ट्रेन संख्या 10105/10106 दिवा-सावंतवाड़ी रोड-दिवा एक्सप्रेस अब एक अतिरिक्त 3 वातानुकूलित इकोनॉमी कोच के साथ चलेगी।

10105 दिवा-सावंतवाड़ी रोड एक्सप्रेस, दिवा से दिनांक 16.07.2025 से।

10106 सावंतवाड़ी रोड-दिवा एक्सप्रेस, सावंतवाड़ी रोड से दिनांक 15.07.2025 से।

संशोधित संरचनाः

तीन वातानुकूलित -3 टियर इकोनॉमी, 12 सामान्य द्वितीय श्रेणी, 1 जेनरेटर कार और 1 सेकंड सीटिंग और सामान सह गार्ड का ब्रेक वैन।

ट्रेन संख्या 04116/04115 एलटीटी-सूबेदारगंज-एलटीटी एक्सप्रेस अब चार 3 वातानुकूलित इकोनॉमी कोच और 6 शयनयान श्रेणी कोच के साथ चलाई जा रही है।

04116 एलटीटी-सूबेदारगंज एक्सप्रेस, एलटीटी से दिनांक 11.07.2025 से

04115 सूबेदारगंज-एलटीटी एक्सप्रेस, सूबेदारगंज से दिनांक 10.07.2025 से

संशोधित संरचनाः

छह वातानुकूलित-3 टियर, चार वातानुकूलित -3 टियर इकोनॉमी, 6 शयनयान श्रेणी, 4 सामान्य द्वितीय श्रेणी, 1 जेनरेटर कार और 1 सेकंड सीटिंग और सामान सह गार्ड ब्रेक वैन। इन ट्रेनों के विस्तृत समय और ठहराव के लिए, कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएँ या NTES ऐप डाउनलोड करें।

# अवैध बैनर एवं होर्डिंग्स लगाने वालों के खिलाफ मामला दर्ज.




भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

डोंबिवली - कल्याण डोंबिवली महानगर पालिका के 6/एफ वार्ड में महाराष्ट्र संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम के तहत तिलक नगर पुलिस स्टेशन में पांच अपराध दर्ज किए गए। मनपा आयुक्त अभिनव गोयल के निदेर्शानुसार, शहर की शोभा बढ़ाने वाले होर्डिंग्स और बैनरों के खिलाफ नियमित रूप से कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में, वार्ड 6 की सहायक आयुक्त हेमा मुंबरकर और, अधीक्षक जयवंत चौधरी ने डोंबिवली पूर्व के पाथरली, गोपालनगर और तिलकनगर क्षेत्रों में अवैध होर्डिंग्स/बैनरों के खिलाफ महाराष्ट्र संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम के तहत 5 मामले दर्ज किए हैं। जिसमें पांच संस्था स्कूल, कॉलेज, योग सेंटर, होटल, महाराष्ट्र संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम, 1995 की धारा 3 के तहत तिलक नगर पुलिस स्टेशन, एक अन्य डोंबिवली में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है, क्योंकि यह सभीतविज्ञापन बैनर लगाते समय मनपा से अनुमति लेने का कोई रिकॉर्ड नहीं है।

# महिलाओं के गले से जबरन चेन छीनने वाले आरोपी गिरफ्तार



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

कल्याण - कल्याण-डोंबिवली क्षेत्र में सुबह की सैर करने वाली महिलाओं को निशाना बनाने वाले और उनके गले से जबरन सोने के गहने छीनकर मोटरसाइकिल पर फरार होने वाले आरोपी को पकड़ा गया। चेन स्नैचिंग के आरोपियों ने डोंबिवली संभाग में खलबली मचा दी थी। उक्त अपराध बढ़ रहे थे। चेन स्नैचिंग पर अंकुश लगाने और अपराधों का पदार्फाश करने के लिए कल्याण जोन डीसीपी अतुल झेंडे निदेर्शानुसार क्षेत्र में सुबह की सैर के दौरान चेन स्नैचिंग विरोधी गश्त और नाकाबंदी आयोजित करने और अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए टीम तैयार की गई। चूंकि उक्त आरोपी हर बार अपराध करने के बाद मोटरसाइकिल बदलता था ।इसलिए पुलिस के लिए उसे ट्रैक करना एक चुनौती थी। ज्ञात हो कि जून में दावत होटल, 90 फीट रोड , चोलेगांव ठाकुर्ली डोंबिवली पूर्व में सुबह की सैर कर रही एक महिला के गले से सोने की चेन लूटी गई थी, दोबारा उसी रोड पर 9 जुलाई को सुबह 63 वर्षीय महिला की सोने चेन 20 ग्राम जबरन लूट ली और फरार हो गए

इस संबंध में डोंबिवली पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया, आरोपियों के बारे में जानकारी प्राप्त करने और आरोपियों के आने-जाने वाले मार्गों पर 172 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की जांच करने के बाद, तकनीकी जांच के आधार पर आरोपी परेश किशोर घावरी उम्र 35 साल को गुजराती स्कूल के पीछे, कल्याण पश्चिम से हिरासत में लिया गया । आरोपी ने उपरोक्त कुल 03 अपराध करना स्वीकार किया है और उसके पास से 20 ग्राम सोने की चेन, कीमत 1,80,000/- रुपये, 10 ग्राम सोने की चेन, कीमत 90,000/- रुपये एक पल्सर मोटरसाइकिल K. MH-05/FS-9656, कीमत 1,15, 000/- रुपये और यामाहा कंपनी का स्कूटर K. MH-05/F-1470, कीमत 1,70,000/- रुपये, कुल मिलाकर 5,55,000/- रुपये का सामान उपरोक्त तीनों अपराधों में इस्तेमाल किया गया। डोंबिवली पुलिस स्टेशन वरिष्ट पुलिस निरीक्षक गणेश जवादवाड और उनकी टीम द्वारा अपराध की आगे की जांच की जा रही है।

# तीन माह में गंदगी फैलाने वालों से 09 लाख 05 हजार से अधिक का जुर्माना वसूला

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

जबलपुर । पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर, भोपाल एवं कोटा तीनों मण्डलों के सभी स्टेशनों पर स्टेशन परिसर एवं गाड़ियों में स्वच्छ, सुखद एवं पर्यावरण अनुकूल वातावरण मुहैया कराने के प्रति लगातार प्रयासरत है। मण्डलों के रेलवे स्टेशनों एवं रेलगाड़ियों में नियमित साफ सफाई सुनिश्चित की जाती है, साथ ही नियमित उद्घोषणा के माध्यम से यात्रियों को जागरुक भी किया जाता है। इसके अंतर्गत यात्रियों से स्टेशन परिसर को साफ सुथरा रखने, धूम्रपान नहीं करने तथा यहां वहां गंदगी नहीं करने के लिए जागरूक किया जाता है। बार-बार समझाइश के बावजूद कुछ लोग लापरवाही बरतते हैं, ऐसे लोगों के खिलाफ रेल प्रशासन द्वारा समय-समय पर रेलवे अधिनियम के अंतर्गत जुमार्ने की कार्यवाही की जाती है। रेलवे द्वारा चालू वित्तीय वर्ष के अप्रैल से जून कुल तीन माह में गन्दगी फैलाने वालों के विरुद्ध चलाये गए अभियान में कुल 4,483 व्यक्तियों के मामले पकडे गए, जिनसे कुल 09 लाख 05 हजार 910 रुपए जुमार्ना वसूला गया। अकेले जून माह में गन्दगी फैलाने वालों के विरुद्ध चलाये गए अभियान में कुल 1,341 व्यक्तियों के मामले पकडे गए, जिनसे कुल 02 लाख 74 हजार 250 रुपए जुमार्ना वसूला गया। इसके अलावा जुमार्ने के साथ साथ ऐसे लोगों को समझाईश भी दी जाती है। साथ ही गंदगी से होने वाले नुकसान की जानकारी देते हुए स्टेशन परिसर स्वच्छ रखने के लिए अनुरोध भी किया जाता है। रेल प्रशासन यात्रियों से अनुरोध करता है कि रेलवे आपकी अपनी संपत्ति है, रेल परिसर में कृपया गंदगी न फैलाएं। स्टेशन का वातावरण स्वच्छ, सुंदर रखने में रेल प्रशासन द्वारा किये जा रहे प्रयासों में सहभागी बनें। गंदगी करने वालों के विरुद्ध आगे भी ऐसे अभियान निरंतर जारी रहेंगे।




# पश्चिम रेलवे के मुंबई सेंट्रल मंडल में मंडल रेलवे उपयोगकर्ता सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई, पश्चिम रेलवे के मुंबई सेंट्रल मंडल की मंडल रेलवे उपयोगकर्ता सलाहकार समिति (DRUCC) की बैठक हाल ही में मुंबई सेंट्रल स्थित मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुंबई सेंट्रल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री पंकज सिंह ने की और कार्यवाही का संचालन मुंबई सेंट्रल मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री अभय सिंह चौहान ने किया। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, बैठक में व्यापार, वाणिज्य, उद्योग, कृषि, उपभोक्ता अधिकार, दिव्यांगजन, यात्री संघों जैसे विभिन्न क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले डीआरयूसीसी सदस्यों और माननीय संसद सदस्यों द्वारा नामित व्यक्तियों की सक्रिय भागीदारी देखी गई। बैठक में श्री अरविंद रामलखन यादव, श्री रामगोपाल शर्मा, श्री नीलेश श्याम शाह, एडवोकेट मिलिंद बालू कापड़े, श्री महेंद्र शिवराज कोठारी, श्री राजीव सिंघल, श्री संजयकुमार सी. शाह, श्री आशीष एच. शाह, श्री जगदीश जयसिंह सोलंकी, श्री रमणिक लालजी सांगोई, श्री हसमुख भवंजी गाला, श्री देविस ई. टी. और श्रीमती जयश्री उमेश बल्लिकर उपस्थित थे। उनकी सक्रिय भागीदारी और रचनात्मक प्रतिक्रिया ने विचार-विमर्श में महत्वपूर्ण योगदान दिया ।बैठक के दौरान सदस्यों ने यात्री सुविधाओं को बढ़ाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। चर्चा मुख्य रूप से उपनगरीय स्टेशनों पर बुनियादी ढाँचे को उन्नत करने, दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए रैंप, लिफ्ट और एस्केलेटर जैसी बेहतर सुविधाएँ शुरू करने और प्रतीक्षा सूची वाले टिकटों के प्रबंधन को सुव्यवस्थित करने पर केंद्रित रही। उपनगरीय स्टेशनों पर एस्केलेटर की व्यवस्था से संबंधित एक उल्लेखनीय सुझाव को उसके संरचित, व्यावहारिक और दूरदर्शी दृष्टिकोण के लिए मंडल प्रशासन से विशेष सराहना मिली। इसके अलावा, रेलवे परिसर में लावारिस पाए गए बुजुर्गों की सहायता के लिए कार्यरत एक सामाजिक संगठन के बारे में जानकारी साझा की गई, जो एक दयालु और सामाजिक रूप से जिम्मेदारी के दृष्टिकोण को दशार्ता है। समिति के सदस्यों और रेलवे अधिकारियों के बीच सार्थक बातचीत के साथ बैठक सकारात्मक और रचनात्मक रूप से संपन्न हुई। मंडल रेल प्रशासन ने सुविधाओं के उन्नयन और उपयुक्त सुझावों का प्राथमिकता के आधार पर कार्यान्वयन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

# श्रीमती इति पाण्डेय बनीं नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भुसावल की नई अध्यक्ष

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

भुसावल, भुसावल मंडल की मंडल रेल प्रबंधक श्रीमती इति पाण्डेय ने सोमवार को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भुसावल की अध्यक्षता का पदभार ग्रहण किया। विदित हो कि किसी नगर में स्थित सभी केंद्रीय सरकारी कार्यालयों के बीच राजभाषा कार्यान्वयन का समन्वयन स्थापित करने हेतु गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति अर्थात नराकास का गठन किया जाता है। इसके पूर्व यह अध्यक्षता आयुध निमार्णी, भुसावल के पास थी। पदभार ग्रहण करते हुए श्रीमती पाण्डेय ने भुसावल नगर के सभी केंद्रीय सरकारी कार्यालय सदस्यों को संघ की राजभाषा नीति के अनुपालन में सहयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि राजभाषा के प्रचार-प्रसार के लिए सभी केंद्रीय कार्यालयों के बीच आपसी समन्वय बेहद आवश्यक है ।श्रीमती पाण्डेय ने विश्वास व्यक्त किया कि भुसावल नगर में कार्यरत सभी कार्यालयों के सहयोग से समिति राजभाषा नीति के कार्यान्वयन में नई ऊर्जा और दिशा प्रदान करेगी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भुसावल नई ऊँचाइयों को छुएगी।



# कीटाणुनाशकों के छिड़काव, कचरा संग्रहण और सफाई व्यवस्था के संबंध में समीक्षा बैठक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

कल्याण - वर्षा ऋतु में उत्पन्न होने वाली महामारियों के उन्मूलन हेतु किए जा रहे उपायों का प्रत्यक्ष निरीक्षण करने के उद्देश्य से मनपा के अतिरिक्त आयुक्त हर्षल गायकवाड़ ने गुरुवार सुबह 8 बजे से वार्ड 1/अ के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ कीटाणुनाशकों के छिड़काव, कचरा संग्रहण और सफाई व्यवस्था के संबंध में समीक्षा बैठक की। इस बैठक में उन्होंने वडवली, अटाली और आंबिवली क्षेत्रों का व्यक्तिगत रूप से निरीक्षण किया और प्रत्येक वार्ड के लिए दी गई कार्ययोजना के अनुसार कार्य हो रहा है या नहीं इसकी पुष्टि की। इस अवसर पर उन्होंने नागरिकों को लंबे समय तक पानी जमा न करने और सप्ताह में एक दिन सूखा रखने की सलाह दी। उन्होंने उक्त क्षेत्र में घरों के बाहर रखे पानी के ड्रमों का स्वयं निरीक्षण किया और कीटाणुनाशक का छिड़काव कराया। अतिरिक्त आयुक्त हर्षल गायकवाड़ ने संदिग्ध डेंगू रोगी के घर और आसपास के क्षेत्र का स्वयं निरीक्षण किया और संबंधितों को उचित निर्देश दिए। इस निरीक्षण दौरे के दौरान 1/ए वार्ड सहायक आयुक्त प्रमोद पाटिल, स्वच्छता अधिकारी और स्वच्छता निरीक्षक उपस्थित थे।

# रील बनाने के लिए ट्रेन के ऊपर चढ़ा किशोर, करंट की चपेट में आकर जलने से मौत

मुंबई : नवी मुंबई में एक रोंगटे खड़ा कर देने वाली घटना हुई है। यहां नेरुल रेलवे स्टेशन पर एक खड़ी ट्रेन के ऊपर चढ़कर सोशल मीडिया के लिए रील बनाना युवक के लिए जानलेवा बन गया। वीडियो बनाते समय लड़का करंट की चपेट में आ गया। 16 साल का लड़का बुरी तरह जल गया

## पश्चिम रेलवे

### इलेक्ट्रिक लोकोज की पेंटिंग और राइटिंग कार्य

वरि. डीईई/टीआरएस/बीएल इलेक्ट्रिक लोको शेड, वलसाड, द्वारा **ई-निविदा सूचना क्र. : ईएल/टीआरएस/बीएल/24-25/डब्ल्यूओ/10आर दिनांक : 10.07.2025** आमंत्रित की जाती है. **कार्य :** 2 वर्षों की अवधि हेतु ईएलएस/वलसाड में इलेक्ट्रिक लोकोज की पेंटिंग और राइटिंग कार्य. **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 48,92,496.48. **ईएमडी :** रु. 97,900/-. **जमा करने की तिथि एवं समय :** 05.08.2025, 12.00 बजे तक. **खुलने की तिथि एवं समय :** 05.08.2025 को 12.30 बजे. **वेबसाइट विवरण : www.ireps.gov.in** 0392

Like us on : facebook.com/WesternRly

## पश्चिम रेलवे

### आपूर्ति, अधिष्ठापन, परीक्षण और क्रियान्वयन कार्य

वरि. डीएसटीई/उत्तर/मुंबई सेंट्रल, 2री मंजिल, मंडल रेल प्रबंधक का कार्यालय, मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400 008 द्वारा **ई-निविदा क्र. : एसजी_216_2_114_डब्ल्यूए_बीएल, दि. 11.07.2025** आमंत्रित की जाती है. **कार्य एवं स्थान :** मुंबई मंडल के विरार – सूरत अनुभाग के एडीएसटीई/वलसाड के क्षेत्राधिकार अंतर्गत दोषपूर्ण/कालबाह्य मिडलाइफ सिग्नलिंग गियर्स का प्रतिस्थापन और विश्वसनीयता सुधार के कार्य के संबंध में सिग्नलिंग आइटम्स की आपूर्ति, अधिष्ठापन, परीक्षण और क्रियान्वयन. **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 2,29,15,807.58. **ईएमडी :** रु. 2,64,600/-. **ई-निविदा दस्तावेज जमा करना बंद होने की तिथि एवं समय :** 07.08.2025 को 15.00 बजे तक, **ई-निविदा खुलने की तिथि एवं समय :** 07.08.2025 को 15.30 बजे. निविदा वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है. 0395

Like us on : facebook.com/WesternRly

## पश्चिम रेलवे

### ओएचई कार्य

वरि. मंडल विद्युत अभियंता (उप.), पश्चिम रेलवे, मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400 008 द्वारा **ई-निविदा सूचना क्र. : डब्ल्यूआर-एमएमसीटीओईएसयूबी(ईएसओटी)/8/2025** आमंत्रित की जाती है. **कार्य का नाम :** अंधेरी – बोरीवली – यूपीएल तथा डीएनएल लाइन के अनरेग्युलेटेड ओएचई का रेग्युलेटेड ओएचई में रूपांतरण. **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 13,55,74,931/-. **बोली सुरक्षा :** रु. 8,27,900/-, **जमा करने की तिथि एवं समय :** 13.08.2025 को अधिकतम 15.00 बजे तक, निर्धारित स्वरूप में. **खुलने की तिथि एवं समय :** 13.08.2025 को 15.30 बजे. वेबसाइट विवरण : निविदा वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखी और जमा की जा सकती है. 0394

Like us on : facebook.com/WesternRly

# श्रावण मास का तीसरा मास परायण रामायण संपन्न

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई। शिव सेवा श्रावण मास पारायण मंडल द्वारा आयोजित श्रावण मास परायण रामायण का तीसरा मास परायण रामायण रविवार को को दिवा पूर्व स्थित नारायण कॉम्प्लेक्स में लक्ष्मीकांत मिश्रा के यहां सम्पन्न हुआ। इसके साथ ही आरती आदि के बाद भक्तों को प्रसाद भी वितरण किया गया। मालूम हो कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिवसेवा श्रावण मास परायण रामायण द्वारा मास परायण रामायण पाठ का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर देवा उपाध्याय, रंगा मिश्रा, संजय शुक्ला, सुशील पांडे, विनायक सिंह, अनुराग चौबे, मुकेश पांडे, अमित शुक्ला, के. के. शुक्ल , देवराज तिवारी, दरोगा तिवारी, गिरजा शंकर गुप्ता, विनोद पांडे, निकम मिश्रा, नवल मिश्रा, अनिरुद्ध त्रिपाठी जितेंद्र दुबे महावीर गुप्ता, कृपाशंकर मिश्रा , लक्ष्मीकांत त्रिवेदी, अशोक दुबे, मनजीत सिंह चौहान, शिवकुमार दुबे, विजय मिश्र, अवधेश पाण्डेय, प्रेम श्रीवास्तव सहित आदि लोग पहुंचकर पाठ को पूर्ण करके प्रसाद का लाभ लिए।

यह पुनीत कार्यक्रम 11 जुलाई से 9 अगस्त तक अनवरत 7 से रात 10 बजे तक जारी रहेगा। शिव सेवा श्रावण मास पारायण मंडल के अध्यक्ष व इस धार्मिक कार्यक्रम के प्रचारक सचिन चौबे ने नागरिकों से बड़ी संख्या में इस धार्मिक पुण्य कार्य में सहभागी होने की अपील की है। इस समय पूरा दिवा परिसर भक्ति मय हो गया है।

## भिवंडी निजामपुर शहर महानगरपालिका, भिवंडी

### जलापूर्ति विभाग

**ई-निविदा सूचना क्रमांक – 17 (प्रथम प्रकाशन) वर्ष 2025-26**

निम्नलिखित कार्य करने के लिए सक्षम एवं अनुभवी ठेकेदारों से ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं.

| अ. क्र. | कार्य का स्वरूप | अनुमानित लागत | निविदा फॉर्म शुल्क | निविदा बिक्री और स्वीकारने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रभाग समिति क्र. 1 अंतर्गत अवचितपाडा स्थित 100 मिमी. व्यास की डीआई पाइपलाइन बिछाने के संबंध में. वर्ष 2025-26 हेतु. | रु. 379500/- | रु. 2360/- | दि. 15.07.2025 से दि. 29.07.2025 तक |

उक्त निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी मनपा की वेबसाइट **http://mahatenders.gov.in** पर दिनांक 15.07.2025 से उपलब्ध हैं.

हस्ता./-
प्र. कार्यकारी अभियंता,
जलापूर्ति विभाग
भिवंडी नि. शहर महानगरपालिका, भिवंडी

## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

### सहायक आयुक्त – टी वार्ड

### ई-निविदा सूचना

बृहन्मुंबई महानगरपालिका के आयुक्त द्वारा निम्नलिखित ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती हैः

| कार्य का नाम | बयाना रकम जमा | निविदा जांच शुल्क | बोली आरंभिक तिथि एवं समय | बोली समाप्ति तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| टी वॉर्ड की संकरी गलियों एवं पहाड़ी क्षेत्रों से अनियमित वस्तुएं, सिल्ट, मलबा और कचरा इकट्ठा करने व परिवहन हेतु 2 श्रमिकों सहित बंद बॉडी टेम्पो सेवा किराये पर लेना (निविदा क्रमांकः 2025_एमसीजीएम_1199976_1) | रु. 13,000/- | रु. 3630/- + 18% जीएसटी | 14.07.2025, सुबह 11.00 बजे | 21.07.2025, सुबह 11.00 बजे |

निविदा प्रति बीएमसी के पोर्टल (**http://www.mcgm.gov.in**) अंतर्गत ई-प्रोक्योरमेंट अनुभाग से डाउनलोड की जा सकती है.
अधिक जानकारी के लिए **http://www.mcgm.gov.in** पर लॉग ऑन करें.

हस्ता./-
(श्री राहुल डी. सोरटे)
सहायक अभियंता
एसडब्ल्यूएम टी वार्ड

पीआरओ/1006/विज्ञा./2025-26

जलजन्य बीमारियों से बचाव के लिये पानी उबालकर और छानकर पियें.

## वाईसीएमओयू अध्ययन केंद्र भिवंडी के बीसीए अंतिम वर्ष का सराहनीय परीक्षा परिणाम




भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , भिवंडी में यशवंत राव चौहान महाराष्ट्र मुक्त विश्वविद्यालय नासिक द्वारा आयोजित गुलाम मुहम्मद मोमिन वीमेंस कालेज अध्ययन केंद्र में जारी बीसीए ( बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन ) अंतिम वर्ष की परीक्षा के परिणाम हाल ही में विश्वविद्यालय द्वारा ऑनलाइन घोषित किए गए। गौरतलब है कि इस वर्ष जीएम कॉलेज अध्ययन केंद्र से बीसीए अंतिम वर्ष की परीक्षा में कुल 91 छात्रों ने भाग लिया था। जिसमें से 66 छात्रों ने सफलता प्राप्त की। अभयास केंद्र का कुल परिणाम 73% रहा ।दो छात्र विशेष योग्यता के साथ,29 छात्रों नें प्रथम श्रेणी और 35 छात्रों नें द्वितीय श्रेणी में परीक्षाउत्तीर्ण की ।शीर्ष पांच छात्रों के नाम इस प्रकार हैं। अंसारी अब्दुल रहमान 75.94% अंकों के साथ पहले स्थान पर रहे, अंसारी इज्जा राणा 75.13% अंकों के साथ दूसरे स्थान पर,शेख मुख्तार अहमद छात्रों की73.90%अंक के साथ तीसरे,अन्सारी मोहम्मद आरिफ 72.81% अंक के साथ चौथे और अंसारी बेलाल 72.34%अंकों के साथ पांचवें स्थान पर रहे ।छात्रों के इस शानदार उपलब्धि पर केएमई सोसायटी के अध्यक्ष अलमाज फकीह, सचिव दानियाल काजी,कोषाध्यक्ष फहद बुबेरे,चेयरमैन अफजल नाखुदा,सेंटर इंचार्ज सफा आगा, समन्वयक अब्दुल अजीज अंसारी और समस्त स्टाफ ने सभी सफल छात्रों और उनके शिक्षकों को बधाई दी है।

## उल्हासनगर की पायल बासुदे का ए.एफ.सी. एशिया कप 2027 टूनामेंट के लिए भारतीय महिला फुटबॉल टीम में चयन।

- महाराष्ट्र से एकमात्र फुटबॉलर गोलकीपर पायल बासुदे का ही चयन हुआ।
- युवासेना लोकसभा सचिव हरजिंदर सिंह भुल्लर और परमिंदर कौर भुल्लर ने पायल बासुदे को फुटबॉल किट प्रदान की।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



उल्हासनगर.उल्हासनगर का गौरव और नारी शक्ति का अभिमान भारतीय महिला फुटबॉलर गोलकीपर पायल बासुदे का चयन ए.एफ.सी. एशिया कप टूनामेंट 2027 के लिए भारतीय महिला फुटबॉल टीम में चयन हुआ है। पायल बासुदे महाराष्ट्र से एकमात्र खिलाड़ी हैं जिनका चयन उक्त टूनामेंट के लिए भारतीय टीम में हुआ है। यह चयन इस मामले में भी एक उल्लेखनीय भूमिका रखता है कि भारतीय महिला फुटबॉल टीम 23 वर्षों बाद इस टूनामेंट के लिए चयनित हुई है। पायल बासुदे का चयन उल्हासनगर के साथ साथ संपूर्ण महाराष्ट्र के लिए गौरव और अभिमान की बात है। भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने अभी हाल ही में थाईलैंड में आयोजित क्वालीफाइंग राउंड में चार मैच जीतकर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर 23 वर्षों बाद इस टूनामेंट को खेलने की पात्रता हासिल की है। महिला फुटबॉल खिलाड़ी पायल बासुदे का जन्म 30 सितंबर 2003 को महाराष्ट्र के ठाणे जिले के व्यावसायिक नगर उल्हासनगर में हुआ था। पिता रमेश बसुदे और माता अंबिका बसुदे की इस प्रतिभाशाली बेटी ने स्कूली शिक्षा न्यू ईरा स्कूल उल्हासनगर से और कॉलेज की शिक्षा सी.एच.एम. कॉलेज उल्हासनगर से प्राप्त की। पायल ने अपने खेल जीवन में जैश यूनाइटेड क्लब से की। आगे उन्होंने स्टार एफ.सी., पी.आई.एफ.ए.स्पोर्ट्स, ओडिशा एफ.सी. के साथ साथ आज वह गोकुलम केरल एफ.सी. का प्रतिनिधित्व करती हैं ।उन्होंने 2022-2023 सीनियर महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप के दौरान महाराष्ट्र राज्य टीम की कप्तानी भी की है ।पायल बासुदे ने 2024 एसएएफएफ महिला चैम्पियनशिप सेमीफाइनल में नेपाल के खिलाफ अपना पहला सीनियर भारत कैप अर्जित किया-जो उनके करियर में एक महत्वपूर्ण मोड़ था। 2025 में थाईलैंड में आयोजित एशियाई कप क्वालीफायर के लिए भी चयनित किया गया था। थाईलैंड के चियांग माई में क्वालीफायर के दौरान भारत ने ग्रुप बी में शीर्ष स्थान हासिल किया ।पायल बासुदे अब आगे भारतीय महिला फुटबॉल टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया में एएफसी महिला एशियाई कप की तैयारी करेगी। उनका मानना है कि यह टूनामेंट भारतीय महिला फुटबॉल टीम की उन्नति और उज्ज्वल भविष्य के लिए यह विशेष महत्वपूर्ण है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत के महिला फुटबॉल को विकसित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है।

**पायल बासुदे की इस विशेष उपलब्धि के लिए उनके शहर आगमन पर उनके प्रशंसकों, परिवार के सदस्यों और ईष्ट मित्रों ने जोरदार आतिशबाजी के साथ स्वागत किया। उल्हासनगर शिवसेना शहर प्रमुख राजेंद्र सिंह भुल्लर महाराज के मार्गदर्शन में युवासेना लोकसभा सचिव हरजिंदर सिंह भुल्लर (विक्की महाराज), समाजसेविका परमिंदर कौर भुल्लर, विभाग प्रमुख प्रमोद पांडेय आदि ने पायल बासुदे की उपलब्धियों का सम्मान करते हुए उन्हें फुटबॉल किट प्रदान की। विक्की भुल्लर ने कहा कि पायल बासुदे ने शहर के साथ साथ महाराष्ट्र और देश का भी नाम रौशन किया है। पायल बासुदे पर हम सबको अभिमान है और इससे और लोगों को भी प्रेरणा मिलेगी।**

फास्ट ट्रैक

## कांवड़ यात्रा पर निकले युवक की मौत

### शाहजहांपुर में दो बाइक की टक्कर, एक घायल; घर से निकलने के एक घंटे बाद हादसा

शाहजहांपुर, अल्हागंज थाना क्षेत्र में रविवार रात एक सड़क हादसे में कांवड़ यात्रा पर जा रहे 18 वर्षीय युवक की मौत हो गई। खेड़ा गांव का रहने वाला अंकित राठौर अपने दोस्त विवेक और चचेरे भाई सोहेल के साथ पांचाल घाट से जल लेने जा रहा था। अल्हागंज में फरुर्खाबाद से आ रही एक बाइक से उनकी टक्कर हो गई। हादसे में अंकित की मौके पर ही मौत हो गई। उनके साथ बैठे चचेरे भाई सोहेल घायल हो गए। दोस्त विवेक को कोई चोट नहीं आई। 1 घंटे बाद ही आई मौत की खबर दूसरी बाइक पर सवार व्यक्ति हादसे के बाद मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घायल सोहेल को तुरंत अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने अंकित को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने बताया कि अंकित हर साल कांवड़ यात्रा पर जाता था। इस बार घर से निकलने के महज एक घंटे के भीतर ही उनकी मृत्यु की खबर मिली।



## स्टंट कर दूसरे की जान खतरे में डाली

### दोनों हाथ छोड़कर, एक पैर से बाइक चलाई, पहले भी बना चुका है रील

शाहजहांपुर, एक युवक की स्टंटबाजी का वीडियो वायरल हुआ है। वीडियो में युवक रील बनाते हुए खतरनाक तरीके से बाइक चला रहा है। युवक ने पहले फिल्मी अंदाज में एक पैर से बाइक चलाई। फिर स्टैंड पर खड़े होकर एक साइड से पैर निकाला। इसके बाद उसने दोनों हाथ छोड़कर बाइक पर लेट गया और बाइक को लहराना शुरू कर दिया। स्टंट के दौरान वह बिना हेलमेट था और सड़क पर अन्य वाहन भी चल रहे थे। बताया जा रहा है ये युवक इससे पहले भी कई स्टंटबाजी के वीडियो बनाकर वायरल कर चुका है। रविवार की रात वायरल हुआ वीडियो सदर बाजार के कैट एरिये का बताया जा रहा है। पुलिस कर चुकी है चालान यातायात निरीक्षक विनय पांडेय ने कहा कि वायरल वीडियो की जानकारी जुटाई जा रही है। स्टंट करने वालों के खिलाफ चालान और सीज की कार्रवाई की जा रही है। बता दें कि इससे पहले जलालाबाद के गंगा एक्सप्रेस-वे की हवाई पट्टी और ककरा रोड पर भी स्टंटबाजी के मामले सामने आए थे। पुलिस ने चालान की कार्रवाई की थी। लेकिन कड़ी कार्रवाई के अभाव में स्टंटबाजी रुकने का नाम नहीं ले रही है।

## रेस्टोरेंट संचालक दंपति पर हमला

### दबंगो ने लात-घूंसों से किया हमला, अश्लील हरकते करने का आरोप, महिला का हाथ टूटा

शाहजहांपुर, थाना आरसी मिशन क्षेत्र में एक रेस्टोरेंट संचालक दंपति के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। रौसर कोठी के पास स्थित रेस्टोरेंट में 10 जुलाई की रात को यह घटना हुई। बांके और केशव नाम के दो युवक 4-5 अज्ञात साथियों के साथ रेस्टोरेंट पहुंचे। उस समय पीड़ित दंपति काउंटर पर बैठे थे और कर्मचारी भी मौजूद थे। आरोपियों ने बिना किसी कारण बताए दंपति पर हमला कर दिया। हमलावरों ने लाठी-डंडे और लात-घूंसों से दंपति की पिटाई की। इस हमले में महिला का हाथ टूट गया।

## इनऑर्बिट के सीएसआर फंड से सफाई कर्मचारियों को रेनकोट वितरित

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




नवी मुंबई , नवी मुंबई स्वच्छता के मामले में देश में अग्रणी शहर के रूप में जाना जाता है, वहीं मनपा हर चीज में पर्यावरण-अनुकूल दृष्टिकोण बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित करता है। इस संबंध में, आज दिए जा रहे मानसून रेनकोट भी अनोखे हैं और पुनर्चक्रित प्लास्टिक से बने हैं। शहरी नियोजन के सहायक निदेशक सोमनाथ केकन ने यह बात कहा है। उन्होंने कहा कि ठेकेदार सफाई कर्मचारियों को रेनकोट प्रदान करते हैं, और यह रेनकोट सफाई कर्मचारियों को इसलिए दिया जा रहा है ताकि उन्हें एक और वैकल्पिक रेनकोट उपलब्ध हो सके। उन्होंने इनऑर्बिट मॉल के प्रति आभार व्यक्त किया जो अपनी सामाजिक प्रतिबद्धता को बनाए रखते हुए हमेशा पर्यावरण-अनुकूल कार्यों का समर्थन करता है। मुख्य स्वच्छता अधिकारी राजेंद्र इंगले ने भी सफाई कर्मचारियों के प्रति अपने स्नेह को बनाए रखते हुए उन्हें रेनकोट प्रदान करने के लिए के रहेजा समूह के इनऑर्बिट मॉल को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर बोलते हुए किशोर भटीजा ने कहा कि नवी मुंबई के स्वच्छता मानकों को बेहतर बनाने के लिए दिन-रात काम करने वाले सफाई कर्मचारियों को ये रेनकोट दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह मानसून के मौसम में उनके काम के प्रति सम्मान व्यक्त किया गया है। धर्मार्थ संस्था यशलोक वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा संचालित इस पहल में, इनैक्ट्स एच.आर. कॉलेज के 50 छात्रों के एक समूह ने फेंके जाने वाले प्लास्टिक को इकट्ठा करके उससे रिसाइकिल रेनकोट बनाने की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस अवसर पर उन्हें सम्मानित भी किया गया। अथक परिश्रम करने वालों के प्रति हमारी ओर से सम्मान₹ की भावना से आयोजित इस कार्यक्रम में, स्वच्छता मित्रों और स्वच्छता सखियों ने रेनकोट वितरण के बाद अपनी प्रसन्नता व्यक्त की।

## कर्जमाफी की मांग को लेकर अहमदपुर से निकले किसान की तबीयत बिगड़ी

### एनसीपी-शरद चंद्र पवार पार्टी पदाधिकारी किसानों के समर्थन में सड़कों पर उतरेंगे

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , अहमदपुर के एक किसान सहदेव होनाले कृषि उत्पादों के लिए गारंटीकृत मूल्य और कर्जमाफी की मांग को लेकर कंधे पर हल लेकर मंत्रालय की ओर पैदल निकल पड़े हैं। ठाणे पहुँचते ही उनकी हालत गंभीर हो गई और उन्हें सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉ. जितेंद्र आव्हाड ने वीडियो कॉल के जरिए इस किसान से बात की। इस मौके पर शहर अध्यक्ष सुहास देसाई, शहर कार्यकारी अध्यक्ष प्रकाश पाटिल और अन्य लोग मौजूद थे।

महायुति ने किसानों को 72 करोड़ रुपये देने का वादा किया था। लेकिन यह वादा पूरा न होने के कारण किसान आत्महत्या कर रहे हैं। सहदेव होनाले इन आत्महत्याओं को रोकने की मांग को लेकर कंधे पर हल लेकर मंत्रालय की ओर पैदल निकल पड़े हैं। ठाणे शहर में उनकी हालत गंभीर हो गई है। यह जानकारी मिलने पर डॉ. जितेंद्र आव्हाड ने जिला अध्यक्ष सुहास देसाई और कार्यकारी अध्यक्ष प्रकाश पाटिल को किसान से मिलने का निर्देश दिया था। तत्पश्चात, राष्ट्रवादी कांग्रेस-शरद चंद्र पवार पार्टी के पदाधिकारियों ने होनाले से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी।

इस अवसर पर डॉ. जितेंद्र आव्हाड ने प्रकाश पाटिल के फोन पर वीडियो कॉल किया और किसान होनाले की शिकायतें सुनीं। उन्होंने इस मुद्दे को विधानसभा में उठाने का आश्वासन भी दिया। इस बीच, पत्रकारों से बात करते हुए, सुहास देसाई ने कहा कि यह सरकार अराजकता की स्थिति में है और जब हमारे बली राजा अस्पताल में तड़प रहे होते हैं, तब भी कोई उनसे मिलने नहीं आता है। यह बली राजा सभी किसानों की कर्जमाफी के लिए पैदल यात्रा पर निकले हैं। लेकिन, यह सरकार उनसे सहज नहीं है। होनाले कल मंत्रालय के लिए रवाना होंगे। हम उनके आंदोलन का समर्थन करते हैं। अब बली राजा इस सरकार को उसकी जगह दिखाएंगे। इस अवसर पर किसान सहदेव होनाले फूट-फूट कर रोने लगे। किसी ने उनकी बात नहीं सुनी। डॉ. जितेंद्र आव्हाड, सुहास देसाई, प्रकाश पाटिल ने अपनी गुहार लगाई। उन्होंने अनुरोध किया कि यह आवाज अब सरकार तक पहुंचनी चाहिए।

## उत्तर भारतीयों ने श्रावण मास के प्रथम सोमवार को शिवमन्दिरों में की पूजा अर्चना

### अंबरनाथ के प्राचीन शिवमन्दिर में हजारों शिवभक्तों ने किए पवित्र शिवलिंग के दर्शन।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अंबरनाथ. उत्तर भारतीय हिंदू समाज के लोगों का भगवान शंकर को समर्पित श्रावण मास विगत 11 जुलाई से प्रारंभ हो गया है। अंबरनाथ के प्राचीन शिवमन्दिर परिसर में श्रावण मास के पहले सोमवार को शिवभक्तों ने शिवमंदिर में पूजा अर्चना कर शिवलिंग पर जलार्पण किया। शिवलिंग के दर्शन के लिए सोमवार को सुबह से ही हजारों शिवभक्त लाइन में लगे देखे गए। उल्हासनगर के कैलाश कॉलोनी और अंबरनाथ की तरफ से भक्तों की लंबी लाइनें देखी गई। भारी बारिश में भी बम-बम भोले के जयकारों के साथ भोले के भक्त श्रद्धा-भाव से पूजा अर्चना करते देखे गए है। उत्तर भारतीय समाज का श्रावण का महीना 11 जुलाई से प्रारंभ होकर 9 अगस्त रक्षा बंधन के पर्व के साथ समाप्त होगा। भगवान शंकर के भक्त इस पूरे महीने पूजा-पाठ और उपवास के साथ साथ विशेष दिनचर्या का पालन करते हुए जीवन व्यतीत करेंगे। इस बार सावन के महीने में चार सोमवार पड़ेंगे। पहला सोमवार 14 जुलाई, दूसरा सोमवार 21 जुलाई, तीसरा सोमवार 28 जुलाई और चौथा सोमवार 4 अगस्त को पड़ेगा। सोमवार को विशेषकर शिवमन्दिरों पर जल,दूध,बेलपत्र, भांग और सफेद फूल चढ़ाते हैं ।शुद्ध सात्विक भोजन करते हैं।

## तिलहर में कांग्रेस का प्रदर्शन

### विकास कार्यों में घटिया सामग्री का आरोप, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, तिलहर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष रजनीश गुप्ता के नेतृत्व में कार्यकताओं ने नारेबाजी की और एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। रजनीश गुप्ता ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने बनारस में सरकारी कार्यों में मानक हीनता और विकास कार्यों में भ्रष्टाचार का मामला उजागर किया था। इसके बाद उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया गया। कांग्रेस नगर अध्यक्ष प्रोफेसर डॉक्टर जाने आलम ने तिलहर नगर क्षेत्र के विकास कार्यों पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण, नाली निर्माण और पानी पाइप लाइन के लिए खोदी गई सड़कों के निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग हो रहा है। इससे जनता के टैक्स का पैसा बर्बाद हो रहा है। कांग्रेस जिला सचिव उन्नत मिश्रा ने कहा कि पार्टी विकास कार्यों में भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं करेगी।

## कलान के शिव मंदिर में सावन पर उमड़ी भीड़

- सुबह से ही लगी श्रद्धालुओं की कतार, प्रशासन ने किए सुरक्षा के विशेष इंतजाम

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



कलान, कलान के पटना देवकली शिव मंदिर में सावन पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी। रात से ही शिव भक्तों का आना शुरू हो गया। मंदिर में सुबह से श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखी गईं। श्रद्धालुओं ने हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बनाया। मंदिर में भक्तों ने गंगाजल, दूध, दही और शहद से भगवान शिव का अभिषेक किया। साथ ही बेलपत्र, भांग और धतूरा भी चढ़ाया। भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के खास इंतजाम किए। मंदिर परिसर में जगह-जगह पुलिस बल तैनात किया गया। बैरिकेडिंग के जरिए भीड़ को नियंत्रित किया जा रहा है। महंत ने बताया कि सावन माह में जलाभिषेक का विशेष महत्व होता है। उनके अनुसार जलाभिषेक से भगवान शिव प्रसन्न होते हैं। रूद्राभिषेक से परिवार में सुख-समृद्धि आती है। जलालाबाद के क्षेत्राधिकारी अजय कुमार राय ने मेले का निरीक्षण किया। उन्होंने थाना प्रभारी निरीक्षक कलान प्रभात चंद्र और मेले में सेवा दे रहे पुलिस वालंटियर युवाओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## सड़क हादसे में युवक की मौत, चचेरा भाई घायल

### शाहजहांपुर में आवारा पशु से टकराई बाइक, मेडिकल कॉलेज कैंटीन मैनेजर था

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, एक दर्दनाक सड़क हादसे में वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज के कैंटीन मैनेजर की मौत हो गई। रोजा थाना क्षेत्र के आईटीआई कैंपस निवासी 27 वर्षीय अमर कुमार अपने मामा के बेटे रुद्र के साथ बाइक पर घर लौट रहे थे। हादसा तब हुआ जब हाईवे पर एक स्कूल के पास अचानक एक आवारा पशु सड़क पर आ गया। बाइक पशु से टकरा गई और दोनों सड़क पर काफी दूर तक घिसटते चले गए। इस हादसे में अमर कुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि रुद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। करीब आधे घंटे बाद रुद्र को होश आया और उसने परिवार को हादसे की सूचना दी। परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे और एंबुलेंस को कॉल किया। लेकिन एंबुलेंस के नहीं पहुंचने पर दोनों को निजी वाहन से अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने अमर को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अमर की असामयिक मौत से परिवार में शोक की लहर है।

## धर्मांतरण मामले में हिंदू संगठनों का विरोध

### लोगों ने पुतला फूंका, छांगुर बाबा को फांसी देने की मांग

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, हिंदूवादी संगठनों ने कचहरी के पास छांगुर बाबा का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। संगठन के पदाधिकारियों ने छांगुर बाबा को 40 दिन के अंदर फांसी देने की मांग की है। संगठन के पदाधिकारी राजेश अवस्थी ने आरोप लगाया कि छांगुर बाबा ने हजारों युवतियों का धर्मांतरण कराया है। उन्होंने कहा कि आरोपी के विदेशी संपर्कों की जांच की जानी चाहिए। इसी बीच कोतवाली क्षेत्र में एक अन्य मामला सामने आया है। पुलिस ने कासिम उर्फ नावेद को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 18 हिंदू युवतियों के अश्लील फोटो बरामद हुए हैं। एक पीड़िता ने एफआईआर दर्ज कराई है। संगठन ने आरोपी को रिमांड पर लेकर छांगुर बाबा के गिरोह से संबंधों की जांच की मांग की है। पदाधिकारियों ने कटरा क्षेत्र में चल रहे मकोका गैंग का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि गैंग में सैकड़ों नाबालिग काम कर रहे हैं। गैंग के सदस्यों के खिलाफ हथियार लहराने की एफआईआर दर्ज है।

पुलिस ने नाबालिग होने के कारण गिरफ्तारी नहीं की है। संगठन ने इस मामले में कार्रवाई की मांग की है।

## घर से बुला कर छात्र की हत्या

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, बीएलएड छात्र की पीट-पीटकर निर्मम हत्या कर दी गई। 21 वर्षीय अरविंद कुमार कश्यप की हत्या गांव के ही कुछ लोगों ने मामूली विवाद में कर दी। वह शिवमंगल डिग्री कॉलेज से बीएलएड कर रहा था और रविवार रात गांव के बाहर जामुन के पेड़ के पास मोबाइल चला रहा था। इसी दौरान गांव के ही सरवन के 10 वर्षीय बेटे ने मोबाइल देखने के बहाने उसे छीनने की कोशिश की। अरविंद के मना करने पर बच्चे ने घर जाकर पिता से शिकायत की कि उसे पीटा गया है। इसी बात को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि अरविंद की जान ले ली गई। परिजनों ने बताया कि घटना के कुछ ही देर पहले अरविंद के पिता दृगपाल गांव के ही एक युवक की बाइक से दांत की दवा लेने निकले थे। रास्ते में अरविंद मिला था, उसने मोमोज और आम लाने की बात कही थी। पिता बाजार से सामान लेकर लौटे तो देखा कि घर पर कोहराम मचा था। बेटे की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। पूरा मामला मदनापुर थाना क्षेत्र के प्रतापपुर गहवरा गांव का है। मृतक के चाचा नेकराम ने बताया कि वह घर के बाहर काम कर रहे थे, तभी आरोपी की भतीजी चिल्लाती हुई आई और कहने लगी कि छोड़ दो वरना मर जाएगा। जब मौके पर पहुंचे तो देखा कि अरविंद खून से लथपथ पड़ा है और आरोपी उसका सिर बार-बार डामर रोड पर पटक रहे थे। चाचा के अनुसार, उस वक्त अरविंद में थोड़ी सांसें बाकी थीं, लेकिन पीट-पीटकर उसकी जान ले ली गई। पिता दृगपाल ने आरोप लगाया कि जब वे मौके पर पहुंचे तो आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। उनका कहना है कि अरविंद ही उनका सहारा था। बड़े बेटे की शादी हो चुकी है, वह मेरठ में मजदूरी करता है। अरविंद की शादी की तैयारी की जा रही थी। अब घर में सिर्फ एक बेटी बची है, जिसे पहले विदा करने की योजना थी। अरविंद की मौत से पूरा परिवार टूट गया है।

**भारत संवाद परिवार**

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,
2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ
3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त )
4-कला एवं मनोरंजन संपादक
(भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी
5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा
6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण
(भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# ट्रम्प बोले-पुतिन दिन में मीठी बातें,रात में बमबारी करते हैं

## यूक्रेन को पैट्रियट मिसाइल भेजने का ऐलान; नाटो चीफ से जल्द मुलाकात करेंगे

एजेंसी

वॉशिंगटन डीसी, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर नाराजगी जताई है। रविवार को मीडिया से बात करते हुए ट्रम्प ने कहा कि पुतिन दिन में मीठा बोलते हैं और रात में सब पर बम बरसाते हैं। हमें यह पसंद नहीं। ट्रम्प ने ऐलान किया कि अमेरिका यूक्रेन को पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम देगा। इसके लिए ट्रम्प इस सप्ताह नाटो महासचिव मार्क रुटे से मुलाकात करेंगे। ट्रम्प के करीबी रिपब्लिकन सीनेटर लिंडसे ग्राहम का कहना है कि युद्ध अब निर्णायक मोड़ पर है। ट्रम्प यूक्रेन को रूस के खिलाफ सैन्य समर्थन देने के पक्ष में आ गए हैं। ग्राहम के मुताबिक, आने वाले दिनों में यूक्रेन को रिकॉर्ड स्तर पर हथियारों की आपूर्ति शुरू होगी। उन्होंने कहा, पुतिन की सबसे बड़ी भूल यह थी कि उसने ट्रम्प को हल्के में लिया। अब देखिएगा, कुछ ही हफ्तों में पुतिन पर भारी दबाव



बनाया जाएगा। पिछले हफ्ते ट्रम्प ने सोमवार को रूस को लेकर एक बड़ा ऐलान करने की बात कही थी। रविवार को पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा, कल क्या होगा, यह कल ही देखेंगे। ट्रम्प ने गुरुवार को बताया था कि नाटो सहयोगियों और यूक्रेन के बीच अमेरिका से हथियारों की आपूर्ति को लेकर एक नया समझौता हुआ है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका 300 मिलियन डॉलर (2.5 हजार करोड़ रुपए) का पैकेज यूक्रेन को भेजने की तैयारी कर रहा है। इसमें पैट्रियट मिसाइल सिस्टम और मीडियम रेंज के रॉकेट शामिल होंगे। इसके साथ ट्रम्प ने कहा कि वे सोमवार को रूस को लेकर बड़ा बयान दे सकते हैं। राष्ट्रपति बनने के बाद ये पहली बार होगा जब ट्रम्प प्रेसिडेंशियल ड्रॉडाउन अथॉरिटी के तहत यूक्रेन को हथियार भेजने की अनुमति देंगे। यह एक कानूनी तरीका है जो राष्ट्रपति को बुरे समय में अमेरिकी भंडार से सीधे हथियार भेजने की अनुमति देता है। इससे पहले ट्रम्प सरकार ने केवल पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा मंजूर किए गए हथियार ही यूक्रेन को भेजे थे। यह हथियारों का नया समझौता अमेरिका, नाटो और यूक्रेन के बीच है। पहले अमेरिका सीधे यूक्रेन को हथियार भेजता था, लेकिन अब यह प्रक्रिया नाटो के जरिए होगी। ट्रम्प ने कहा, हम नाटो को हथियार भेजेंगे, और नाटो इनका पूरा पैसा देगा। फिर नाटो इन्हें यूक्रेन को देगा। इटली की राजधानी रोम में को यूक्रेन के पुनर्निर्माण के लिए एक सम्मेलन हुआ था। इस सम्मेलन में यूक्रेन को 10 अरब यूरो (90 हजार करोड़ रुपए) की मदद का वादा किया गया। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने इसकी जानकारी दी। यूरोपीय आयोग ने 2.3 अरब यूरो (लगभग 2.7 अरब डॉलर) की सहायता की घोषणा की। जेलेंस्की ने इस सम्मेलन में कहा कि रूस की संपत्तियों का इस्तेमाल यूक्रेन के पुनर्निर्माण के लिए किया जाना चाहिए। उन्होंने हथियारों की आपूर्ति बढ़ाने, संयुक्त रक्षा उत्पादन और निवेश की भी मांग की। रोम में 10 और 11 जुलाई 2025 को आयोजित यूक्रेन पुनर्निर्माण सम्मेलन में 38 देशों और कई अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने हिस्सा लिया। वहीं, मलेशिया में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से 50 मिनट की बातचीत की।

# ईरानी विदेश मंत्री बोले- नेतन्याहू कौन सा नशा कर रहे

## इजराइली पीएम ने कहा था- ईरान को लंबी दूरी की मिसाइलें नहीं बनानी चाहिए

एजेंसी

तेहरान, ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने इजराइल प्रधानमंत्री का मजाक बनाया है। उन्होंने नेतन्याहू के एक बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए पूछा कि नेतन्याहू किस चीज का नशा कर रहे हैं। दरअसल नेतन्याहू ने हाल में कहा था कि ईरान को 480 किलोमीटर से ज्यादा रेंज वाली मिसाइलें नहीं बनानी चाहिए। इसे लेकर अराघची ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर नेतन्याहू की आलोचना की और गाजा युद्ध से लेकर ईरान के परमाणु कार्यक्रम तक इजराइल की नीतियों को विफल



बताया। ईरानी विदेश मंत्री ने कहा कि इजराइल ने भले ही जंग में ईरान के परमाणु वैज्ञानिकों को निशाना मारा है, लेकिन उनकी 100 काबिल लोग तैयार हैं। अराघची ने लिखा कि नेतन्याहू ने सोचा था कि वह ईरान की 40 साल की परमाणु उपलब्धियों को मिटा देंगे। उन्होंने हमारे दर्जनों वैज्ञानिकों को मरवाया, लेकिन हर एक वैज्ञानिक ने 100 से ज्यादा काबिल शिष्य तैयार किए हैं।

अब वही उन्हें जवाब देंगे। अराघची ने आरोप लगाया कि नेतन्याहू अब अपनी सैन्य विफलताओं को छुपाने के लिए अंतरराष्ट्रीय मंचों पर दौड़ लगा रहे हैं। यूएन की इंटरनेशनल एटॉमिक एनर्जी एजेंसी (आईएईए) के डायरेक्टर राफेल ग्रॉसी ने 29 जून को दिए एक इंटरव्यू में कहा था कि ईरान की कुछ न्यूक्लियर फैसिलिटी अभी भी बची हुई हैं। उन्होंने कहा कि ईरान कुछ महीनों में अपना न्यूक्लियर प्रोग्राम फिर से शुरू कर सकता है। इजराइल ने 13 जून को ईरान के परमाणु और सैन्य ठिकानों पर हमले शुरू किए थे।

बाद में अमेरिकी ने बी-2 बॉम्बर से हमला कर ईरान के फोर्डो, नतांज और इस्फहान न्यूक्लियर साइट्स को तबाह करने का दावा किया था। हमलों के बाद ईरान ने आईएईए को फोर्डो न्यूक्लियर साइट की जांच करने से रोक दिया था। ईरान ने आईएईए से अपनी साझेदारी तोड़ ली है।

# दुर्लभ धातुओं को लूट रहे चीन की वजह से म्यांमार के पर्यावरण पर मंडराया संकट

## थाईलैंड तक खतरा बढ़ा



> पिछले कुछ वर्षों में दक्षिण-पूर्व एशिया का संघर्षग्रस्त देश म्यांमार इन दुर्लभ धातुओं के प्रमुख स्त्रोत के रूप में उभरा है। चीन की दक्षिण-पश्चिमी सीमा से सटे इस देश में दशकों से जारी गृहयुद्ध और सैन्य तानाशाही ने श्रम और पर्यावरण संबंधी कानूनों को लगभग समाप्त कर दिया है।

एजेंसी

आधुनिक जीवन की जरूरत बन चुके मोबाइल फोन, इलेक्ट्रिक कार जैसी तकनीकों में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली दुर्लभ धातुएं आज पूरी दुनिया के लिए रणनीतिक संसाधन बन चुकी हैं। हालांकि इन धातुओं का खनन बेहद महंगा, कठिन और पर्यावरण के लिए विनाशकारी साबित हो रहा है। इसके अलावा इन धातुओं के परिष्करण पर चीन का एकाधिकार इसे वैश्विक राजनीति और पर्यावरणीय चिंता का विषय भी बना देता है। हम आपको बता दें कि पिछले कुछ वर्षों में दक्षिण-पूर्व एशिया का संघर्षग्रस्त देश म्यांमार इन दुर्लभ धातुओं के प्रमुख स्त्रोत के रूप में उभरा है। चीन की दक्षिण-पश्चिमी सीमा से सटे इस देश में दशकों से जारी गृहयुद्ध और सैन्य तानाशाही ने श्रम और पर्यावरण संबंधी कानूनों को लगभग समाप्त कर दिया है। इसी का फायदा उठाकर चीन की कंपनियां म्यांमार में अरबों डॉलर मूल्य की दुर्लभ धातुएं निकाल रही हैं और उन्हें चीन भेज रही हैं। सगाईंग, काचिन और शान राज्य, जो म्यांमार के चीन से सटे उत्तरी हिस्सों में आते हैं, दुर्लभ धातुओं के सबसे बड़े भंडार माने जाते हैं। यह वही क्षेत्र है जहां न कानून का डर है, न पर्यावरण की परवाह और न ही मानवाधिकारों का संरक्षण। चीन ने इसी हालात का भरपूर फायदा उठाया है। चीन की सरकारी कंपनियां और उनके माध्यम से जुड़े अवैध नेटवर्क विद्रोही गुटों से सीधे संपर्क में रहते हैं। बदले में ये गुट खनिज उत्खनन और तस्करी की इजाजत देते हैं। इस तरह चीन बिना किसी रोक-टोक के कच्चा माल सस्ते दाम पर हासिल कर रहा है। दुर्लभ धातुओं के खनन के लिए अत्याधुनिक रसायन और तकनीक की जरूरत होती है। चीन लीचिंग टेक्नोलॉजी (तेजाब के जरिए खनिज निकालना) और रसायन म्यांमार भेजता है। स्थानीय समूह इनका उपयोग कर कच्चा खनिज निकालते हैं, जिसे सीधे ट्रकों के जरिए चीन भेज दिया जाता है। इसके बाद चीन अपने देश में इन धातुओं को शुद्ध कर वैश्विक बाजार में महंगे दामों पर बेचता है। हम आपको बता दें कि चीन म्यांमार की तंगहाल अर्थव्यवस्था का सबसे बड़ा साझेदार है। जब पूरी दुनिया ने सैन्य शासन पर प्रतिबंध लगाए, तब भी चीन ने व्यापार जारी रखा। इस स्थिति का लाभ उठाकर चीन म्यांमार की अर्थव्यवस्था और प्रशासन दोनों पर आर्थिक दबाव बनाकर नियंत्रण कर रहा है। हम आपको बता दें कि म्यांमार के उत्तरी राज्यों काचिन और शान (जहां से चीन की सीमा लगती है) दुर्लभ धातुओं, खासकर टरबियम और डिस्प्रोसियम जैसे धातुओं का केंद्र बन चुके हैं। खनन के लिए पूरे पहाड़ों को उखाड़ना और उनमें तेजाब डालकर खनिज निकालना पड़ता है, जिससे जमीन और पानी दोनों जहरीले हो रहे हैं। काचिन राज्य में हजारों एकड़ बंजर हो चुकी भूमि और जहरीली मिट्टी इसका प्रमाण है। अब यह संकट शान राज्य में फैला है, जहां चीन समर्थित वा जातीय समूह का कब्जा है।

# बांग्लादेश ने पीएम मोदी को 1000 किलो आम भेजे

## यूनुस ने बरकरार रखी मैंगो डिप्लोमेसी, ममता को भी हरिभंगा आम गिफ्ट किए

एजेंसी

ढाका, बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस ने हरिभंगा किस्म के 1,000 किलोग्राम आम भारत भेजे हैं। इन्हें पीएम मोदी, भारत के राजनयिकों और दूसरे अधिकारियों को उपहार में दिए जाएंगे। भारत के साथ रिश्तों को बेहतर बनाने की कोशिश के तहत बांग्लादेश की इस पहल को मैंगो डिप्लोमेसी कहा जा रहा है। इसके तहत अंतरिम सरकार ने न सिर्फ



केंद्र सरकार को, बल्कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा को भी हरिभंगा आम भेजे हैं। ये 300 किलोग्राम आम 60 डिब्बों में पैक करके गुरुवार शाम करीब 5:15 बजे अखौरा लैंड पोर्ट के जरिए भेजे गए। बांग्लादेश में हरिभंगा प्रीमियम आम माना जाता है। इनकी गुणवत्ता बहुत अच्छी मानी जाती है। भारत में इसे काफी पसंद किया जाता है। बांग्लादेशी अखबार डेली सन की रिपोर्ट के मुताबिक बांग्लादेश उच्चायोग के एक अधिकारी ने बताया कि ये आम सद्भावना के प्रतीक के तौर पर भेजे गए हैं और सोमवार को नई दिल्ली पहुंचने वाले हैं।

बांग्लादेश से भारत में आम भेजने की यह परंपरा नई नहीं है। पहले की सरकारें भी भारत को आम भेजती रही हैं। इस बार यह कदम खास इसलिए माना जा रहा है, क्योंकि पिछले साल छात्रों के नेतृत्व में हुए बड़े प्रदर्शनों के बाद प्रधानमंत्री शेख हसीना को सत्ता से हटना पड़ा था। उनके हटने के बाद भारत और बांग्लादेश के रिश्तों में थोड़ी दूरी आ गई थी, क्योंकि हसीना भारत की करीबी मानी जाती थीं।

# भारत ज्यादा कुछ नहीं कर सकता

## केरल की नर्स निमिषा प्रिया की फांसी को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सरकार ने किया साफ



एजेंसी

सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि यमन में केरल की नर्स निमिशा प्रिया की फांसी को रोकने के लिए वह कुछ खास नहीं कर सकती। लाइव लॉ के अनुसार, सरकार के वकील एजी वेंकटरमणी ने कहा यमन की संवेदनशीलता को देखते हुए सरकार कुछ नहीं कर सकती...इसे कूटनीतिक रूप से मान्यता नहीं दी गई है। हालाँकि, सरकार ने कहा कि वह निजी माध्यमों से निमिषा को बचाने की पूरी कोशिश कर रही है, लेकिन वह केवल इतना ही कर सकती है। वकील ने शीर्ष अदालत को बताया कि एक हद है जहाँ तक भारत सरकार जा सकती है। हम उस हद तक पहुँच चुके हैं। यमन दुनिया के किसी भी अन्य हिस्से जैसा नहीं है। हम सार्वजनिक रूप से बात करके स्थिति को जटिल नहीं बनाना चाहते थे, हम निजी स्तर पर कोशिश कर रहे हैं। यमन की अदालत के दस्तावेजों के अनुसार, निमिषा प्रिया ने जुलाई 2017 में कथित तौर पर अपने स्थानीय व्यापारिक साझेदार तलाल अब्दो मेहदी को नशीला पदार्थ देकर उसकी हत्या कर दी और एक अन्य नर्स की मदद से उसके शरीर के टुकड़े-टुकड़े कर दिए। इसके बाद उसने उसके क्षत-विक्षत अंगों को एक भूमिगत टैंक में फेंक दिया। सूत्रों ने बताया कि मेहदी की हत्या का पता चलने के बाद निमिषा

> वकील ने शीर्ष अदालत को बताया कि एक हद है जहाँ तक भारत सरकार जा सकती है। हम उस हद तक पहुँच चुके हैं। यमन दुनिया के किसी भी अन्य हिस्से जैसा नहीं है। हम सार्वजनिक रूप से बात करके स्थिति को जटिल नहीं बनाना चाहते थे, हम निजी स्तर पर कोशिश कर रहे हैं।

को गिरफ्तार कर लिया गया और उसने कथित तौर पर अपने एक बयान में हत्या की बात कबूल कर ली। सना की अधीनस्थ अदालत ने उसे मौत की सजा सुनाई है। उसने इस फैसले को यमन की सर्वोच्च अदालत में चुनौती दी, लेकिन उसकी अपील खारिज कर दी गई और मौत की सजा बरकरार रखी गई। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि वह मामले से जुड़े घटनाक्रम पर कड़ी नजर रख रहा है और हरसंभव मदद मुहैया करा रहा है। इस बीच भारत का उच्चतम न्यायालय सोमवार को उस याचिका पर सुनवाई करेगा जिसमें केंद्र को भारतीय नर्स को बचाने के लिए राजनयिक माध्यमों का इस्तेमाल करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ इस मामले की सुनवाई कर सकती है। सूत्रों ने बताया कि निमिषा प्रिया 2008 से यमन में नर्स के तौर पर काम कर रही थी। उन्होंने बताया कि 2011 में शादी के बाद वह अपने पति टॉमी थॉमस के साथ यमन पहुंची थी।

# सीएम मान के आवास पर कैबिनेट की बैठक खत्म

## बेअदबी के खिलाफ बिल को मिली मंजूरी

> वर्तमान में, पंजाब में बेअदबी के मामलों में कड़ी सजा देने का कोई सख्त कानूनी प्रावधान नहीं है। प्रस्तावित कानून जानबूझकर धार्मिक ग्रंथों या पवित्र स्थलों का अपमान करने के दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों को आजीवन कारावास की सजा देने का प्रावधान करता है।

एजेंसी

एक बड़े घटनाक्रम में, आज पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के आवास पर एक महत्वपूर्ण कैबिनेट बैठक हुई। पंजाब कैबिनेट ने धार्मिक ग्रंथों और पूजा स्थलों के अपमान से निपटने के उद्देश्य से बहुप्रतीक्षित बेअदबी के खिलाफ विधेयकको मंजूरी दे दी। कैबिनेट की मंजूरी के साथ, यह विधेयक आज बाद में पंजाब विधानसभा में पेश किए जाने की संभावना है। यह कदम बेअदबी के खिलाफ एक सख्त कानून की बढ़ती जन माँग के बीच उठाया गया



है, जो एक संवेदनशील मुद्दा है और जिसने अतीत में व्यापक विरोध और आक्रोश पैदा किया है। वर्तमान में, पंजाब में बेअदबी के मामलों में कड़ी सजा देने का कोई सख्त कानूनी प्रावधान नहीं है। प्रस्तावित कानून जानबूझकर धार्मिक ग्रंथों या पवित्र स्थलों का अपमान करने के दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों को आजीवन कारावास की सजा देने का प्रावधान करता है। इस विधेयक में बेअदबी के मामलों की सुनवाई और समय पर न्याय सुनिश्चित करने के लिए विशेष फास्ट-ट्रैक अदालतें स्थापित करने का भी प्रावधान है। इसके अतिरिक्त, इस कानून के तहत दोषियों को पैरोल नहीं दी जाएगी, जो शून्य-सहिष्णुता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे पहले मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि उनकी सरकार बेअदबी के कृत्यों के खिलाफ कड़ी सजा के लिए राज्य विधानसभा में एक मसौदा विधेयक पेश करेगी। मान ने कहा कि सरकार प्रस्तावित कानून के लिए सभी हितधारकों और धार्मिक संस्थाओं की राय लेगी। मान मंत्रिमंडल की बैठक की अध्यक्षता करने के बाद मीडिया को संबोधित कर रहे थे। विधेयक पर एक सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री मान ने कहा, हम इसका मसौदा तैयार कर रहे हैं। एक कानून बनाया जाएगा। लेकिन इसके लिए हम हितधारकों, धार्मिक संस्थाओं से बात करेंगे। हम मसौदा विधेयक (विधानसभा में) पेश करेंगे। उन्होंने कहा, लेकिन अंतिम मसौदे के लिए हमें समय चाहिए। इसे विधानसभा में पेश करने के बाद, हम जनता की राय लेंगे।

# आंध्र प्रदेश में आम से लदा ट्रक पलटने से नौ लोगों की मौत और 11 हुए घायल

## मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने व्यक्त किया शोक

> आंध्र प्रदेश के अन्नामय्या ज़िले में आम से लदी एक लॉरी के पलट जाने से कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए। यह घटना रविवार रात ज़िले के पुल्लमपेट मंडल के रेड्डीचेरुवु कट्टा के पास हुई।



एजेंसी

पुलिस ने सोमवार को बताया कि अन्नामय्या जिले के रेड्डीचेरुवु के पास एक आम से लदी लॉरी के एक मिनी ट्रक पर पलट जाने से नौ लोगों की मौत हो गई और ग्यारह अन्य घायल हो गए। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने रविवार देर रात अन्नामय्या जिले के पुल्लमपेट मंडल के रेड्डीचेरुवु कट्टा के पास आम से लदी एक लॉरी के पलट जाने से नौ लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है। आंध्र प्रदेश में आम से लदा ट्रक पलटने से नौ लोगों की मौत, 11 घायलआंध्र प्रदेश के अन्नामय्या ज़िले में आम से लदी एक लॉरी के पलट जाने से कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए। यह घटना रविवार रात ज़िले के पुल्लमपेट मंडल के रेड्डीचेरुवु कट्टा के पास हुई। आम से लदे ट्रक पर 20 से ज्यादा लोग सवार थे। रात में जब यह हादसा हुआ, तब पीड़ित राजमपेट से रेलवे कोडुरु जा रहे थे। पुलिस के अनुसार, दुर्घटना रविवार रात लगभग 9:30 बजे हुई। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, ₹यह तब हुआ जब लॉरी का पिछला पहिया रेत में फंस गया और संतुलन खोकर एक मिनी ट्रक पर गिर गया।

# ना मेंटेनेंस इश्यू, ना एयरक्राफ्ट-इंजन में प्रॉब्लम

## प्रारंभिक रिपोर्ट पर बोले एयर इंडिया सीईओ- जल्दबाजी में न निकालें निष्कर्ष

> कैम्पबेल विल्सन ने कहा कि हम सभी विमानों की आवश्यक जांच जारी रखेंगे और भविष्य में जिन नए विमानों की जांच की सिफारिश अधिकारी करेंगे, उनकी भी ऐसे ही जांच करेंगे। ऐसी व्याख्याओं पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय, मेरा सुझाव है कि हम इस बात पर ध्यान दें कि प्रारंभिक रिपोर्ट में विमान या इंजन में कोई यांत्रिक या रखरखाव संबंधी समस्या नहीं पाई गई थी, और सभी अनिवार्य रखरखाव कार्य पूरे कर लिए गए थे।

एजेंसी

एअर इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) कैम्पबेल विल्सन ने कहा एअर इंडिया विमान दुर्घटना पर वायु यान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) की प्रारंभिक रिपोर्ट में विमान या इंजन में कोई यांत्रिक या रखरखाव संबंधी समस्या नहीं पायी गयी। एएआईबी की प्रारंभिक रिपोर्ट पर एअर इंडिया के सीईओ ने कहा पायलटों ने उड़ान से पहले श्वांस विश्लेषक परीक्षण पास कर लिया था, उनकी चिकित्सा स्थिति के संबंध में कोई अवलोकन नहीं किया गया था। एएआईबी की प्रारंभिक रिपोर्ट में न तो कोई कारण बताया गया और न ही कोई



सिफारिश की गई, सभी से आग्रह है कि वे समय से पहले निष्कर्ष निकालने से बचें। ईंधन की गुणवत्ता में कोई समस्या नहीं थी और टेक-ऑफ रोल में कोई असामान्यता नहीं थी। पायलटों ने अनिवार्य उड़ान-पूर्व श्वास विश्लेषक परीक्षण पास कर लिया था और उनकी चिकित्सा स्थिति से संबंधित कोई अवलोकन नहीं किया गया था।

एअर इंडिया के सीईओ ने कहा कि अत्यधिक सावधानी बरतते हुए बेड़े में शामिल प्रत्येक बोइंग 787 विमान की दुर्घटना के कुछ दिनों के भीतर जांच की गई और उन्हें सेवा के लिए उपयुक्त पाया गया है। कैम्पबेल विल्सन ने कहा कि हम सभी विमानों की आवश्यक जांच जारी रखेंगे और भविष्य में जिन नए विमानों की जांच की सिफारिश अधिकारी करेंगे, उनकी भी ऐसे ही जांच करेंगे। ऐसी व्याख्याओं पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय, मेरा सुझाव है कि हम इस बात पर ध्यान दें कि प्रारंभिक रिपोर्ट में विमान या इंजन में कोई यांत्रिक या रखरखाव संबंधी समस्या नहीं पाई गई थी, और सभी अनिवार्य रखरखाव कार्य पूरे कर लिए गए थे। ईंधन की गुणवत्ता में कोई समस्या नहीं थी और टेक-ऑफ रोल में कोई असामान्यता नहीं थी। पायलटों ने अनिवार्य उड़ान-पूर्व श्वास विश्लेषक परीक्षण पास कर लिया था और उनकी चिकित्सा स्थिति से संबंधित कोई अवलोकन नहीं किया गया था।

## संक्षेप

### डकैती के मास्टरमाइंड समेत 3 बदमाशों पर कार्रवाई

**एसपी ने विपिन सिंह और साथियों पर रासुका लगाया, करोड़ों की डकैती में शामिल थे**

सुलतानपुर, पुलिस ने सोमवार को डकैती के मुख्य आरोपी विपिन सिंह समेत तीन अपराधियों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत कार्रवाई की है। यह कार्रवाई एसपी कुंवर अनुपम सिंह के निर्देश पर की गई। अमेठी के भवानीनगर निवासी विपिन सिंह पांच जिलों में 35 से अधिक आपराधिक मामलों में वांछित है। सुलतानपुर, अमेठी, लखनऊ, जौनपुर, फतेहपुर, बाराबंकी और रायबरेली में इसके खिलाफ डकैती, हत्या का प्रयास, लूट के मामले दर्ज हैं। विपिन 2007 से अपराधिक गतिविधियों में सक्रिय है। रायबरेली के डीह नयापुरवा निवासी दुर्गेश प्रताप सिंह पर भी रासुका लगाया गया है। इस पर 2024 और 2025 में चार मामले दर्ज हैं। जौनपुर के लारपुर गांव के अजय यादव उर्फ डीएम के खिलाफ 9 मुकदमे दर्ज हैं। इनमें हत्या का प्रयास, डकैती और चोरी शामिल हैं। 29 अगस्त 2024 को चौक ठठेरी बाजार में सरार्फा व्यवसाई भरत जी सोनी की दुकान से सवा करोड़ की डकैती हुई थी। इस वारदात में 14 बदमाशों में से विपिन सिंह समेत 12 जेल में हैं। दो अन्य बदमाशों को यूपी एसटीएफ ने मुठभेड़ में मार गिराया।

### डकैती के मास्टरमाइंड समेत 3 बदमाशों पर कार्रवाई

**एसपी ने विपिन सिंह और साथियों पर रासुका लगाया, करोड़ों की डकैती में शामिल थे**

सुलतानपुर, पुलिस ने डकैती के मुख्य आरोपी विपिन सिंह समेत तीन अपराधियों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत कार्रवाई की है। यह कार्रवाई एसपी कुंवर अनुपम सिंह के निर्देश पर की गई। अमेठी के भवानीनगर निवासी विपिन सिंह पांच जिलों में 35 से अधिक आपराधिक मामलों में वांछित है। सुलतानपुर, अमेठी, लखनऊ, जौनपुर, फतेहपुर, बाराबंकी और रायबरेली में इसके खिलाफ डकैती, हत्या का प्रयास, लूट के मामले दर्ज हैं। विपिन 2007 से अपराधिक गतिविधियों में सक्रिय है। रायबरेली के डीह नयापुरवा निवासी दुर्गेश प्रताप सिंह पर भी रासुका लगाया गया है। इस पर 2024 और 2025 में चार मामले दर्ज हैं। जौनपुर के लारपुर गांव के अजय यादव उर्फ डीएम के खिलाफ 9 मुकदमे दर्ज हैं। इनमें हत्या का प्रयास, डकैती और चोरी शामिल हैं।

### करंट लगने से बालक की मौत

**दुकान में रखे स्टील के काउंटर को छूने से हादसा, परिवार में मातम**

सुलतानपुर, हरौरा बाजार में सोमवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ। चाऊमीन की दुकान में स्टील काउंटर से लगे करंट से 10 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। बाबूराम की चाऊमीन की दुकान में यह हादसा हुआ। सुबह दुकान की तैयारी के दौरान उनका बेटा शिवांस काउंटर से चटनी निकालने गया। काउंटर को छूते ही वह करंट की चपेट में आ गया। काउंटर में बिजली की सप्लाई घर से एक तार के जरिए दी गई थी।

# शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के बैनर पर कालिख पोती

## स्कूल मर्जर के खिलाफ किया प्रदर्शन, प्रयागराज में सपा के 3 नेता गिरफ्तार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, स्कूलों को मर्ज करने के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर हंगामा करने और शिक्षा मंत्री के पोस्टर, बैनर पर कालिख पोतने के मामले को पुलिस ने गंभीरता से लिया है। पुलिस ने धर्मेंद्र प्रधान के बैनर पर कालिख पोतने के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। तीन टीमों ने छापेमारी कर समाजवादी पार्टी के तीन आरोपियों को पकड़ा। सभी को सिविल लाइंस थाने में रखा गया। सपा नेताओं की गिरफ्तारी की सूचना पाकर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता थाने पहुंच गए। थाने का घेराव कर विरोध जताया गया। हालांकि पुलिस तीनों को वहां से पेशी के लिए ले जा चुकी थी। समाजवादी पार्टी की महानगर ईकाई की बैठक महानगर अध्यक्ष सैय्यद इफ्तेखार हुसैन की अध्यक्षता व महासचिव रवीन्द्र यादव रवि के संचालन में हुई। इसमें समाजवादी पार्टी छात्र सभा से जुड़े नेताओं को पकड़े जाने का विरोध किया गया। सपा नेताओं ने कहा कि सुभाष चौराहे सिविल लाइंस पर धर्मेन्द्र प्रधान के पोस्टर जिसमें शिक्षा बनाम मधुशाला के बैनर को लेकर पुलिस से झड़प हुई थी। पुलिस ने छात्र सभा के ज़िलाध्यक्ष गंगापार शिवा केसरवानी, छात्र सभा के ज़िला उपाध्यक्ष शिवा बागी सद्दाम अंसारी, आयुष प्रियदर्शी, अंशु यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस सपा नेताओं को घर से उठा लाई। जानकारी होने पर सपा के महानगर ईकाई ने बैठक में रोष प्रकट किया। शिवा केसरवानी, सद्दाम अंसारी व आयुष प्रियदर्शी पुलिस ने जेल भेज दिया। इस पर सपा नेताओं ने गहरी नाराजगी जताई। सैय्यद इफ्तेखार हुसैन, रवीन्द्र यादव रवि, शशिभूषण पाण्डेय, महबूब उस्मानी, संदीप यादव, महेंद्र निषाद, प्रभात कुमार, मोईन हबीबी, ओपी यादव, चौधरी देवीलाल, भोला पाल, संतोष निषाद, मशहद अली खान, वीरु पासी, प्रमोद यादव, सैय्यद मोहम्मद हामिद, सऊद अहमद, मोहम्मद हसीब, सैय्यद आसिफ हुसैन, ताहिर उमर, अंकित कुमार पटेल आदि मौजूद रहे। प्रयागराज के सुभाष चौराहे पर शनिवार को समाजवादी छात्र सभा ने प्रदर्शन किया। उन्होंने स्कूलों के मर्जर के खिलाफ नारेबाजी की। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के पोस्टर पर कालिख पोती। कहा कि प्रदेश के पांच हजार स्कूल बंद करने का निर्णय सही नहीं है। सरकार अगर नहीं मानी तो आगे भी प्रदर्शन जारी रखेंगे। इस दौरान सिविल लाइन्स पुलिस मौके पर मौजूद रही। उसने भीड़ को शांत कराने का प्रयास किया। हंगामा बढ़ता देख छात्र नेताओं को हिरासत में लेकर पोस्टर कब्जे में ले लिया। सपाइयों ने शिक्षा मंत्री के पोस्टर पर कालिख पोतकर उनके खिलाफ नारे लगाए।

# बार एसोसिएशन चुनाव में 200 उम्मीदवार मैदान में

## हाईकोर्ट परिसर में पंफलेट व हैंडबिल बांटने पर रोक, अध्यक्ष पद पर 11, महासचिव पद पर 8 प्रत्याशी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन चुराव की तैयारियां जोरों पर हैं। 23 जुलाई को वोटिंग होगी। करीब 10 हजार वकील मतदान करेंगे। हाईकोर्ट के निगरानी में पुख्ता सुरक्षा इंतजामों के बीच मतदान और मतगणना की तैयारी है। इस बार कुल 200 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमाएंगे। चुनाव प्रचार को लेकर भी इस बार काफी सख्ती है। हाईकोर्ट के अंदर और परिसर में पंफलेट व हैंडबिल बांटे जाने पर रोक है। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन चुनाव समिति ने विभिन्न पदों के लिए उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी कर दी है। अध्यक्ष पद के लिए 11 दावेदार मैदान में हैं। इनमें अमित कुमार, अशोक कुमार सिंह, अविनाश चंद्रा, चंद्र प्रकाश उपाध्याय, देवी प्रसाद सिंह, लालधारी राजभर, प्रभा शंकर मिश्रा, राकेश पांडेय बबुआ, संतोष कुमार त्रिपाठी, सुरेश चंद्र पांडेय और वीर सिंह शामिल हैं।

महासचिव पद पर 8 उम्मीदवार आमने-सामने होंगे। चुनाव अधिकारी वशिष्ठ तिवारी ने बताया कि अखिलेश कुमार शर्मा, धर्मेंद्र प्रताप सिंह, हरिंद्र प्रसाद, जमील अहमद आजमी, राय साहब यादव, संतोष कुमार मिश्रा, शशि प्रकाश सिंह और उदय शंकर तिवारी ने नामांकन दाखिल किया है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर भी मुकाबला कड़ा रहेगा। चुनाव अधिकारी अनिल भूषण ने बताया कि इसके लिए 9 प्रत्याशी मैदान में हैं।

# जगदीशपुर में बिजली कटौती से परेशान विधायक का एक्शन

**विद्युत विभाग के अधिकारियों को नियमित आपूर्ति का निर्देश**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली कटौती के मुद्दे पर विधायक सुरेश पासी ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। इससे पहले उन्होंने दो दिन पहले ऊर्जा मंत्री को पत्र लिखा था। भीषण गर्मी के मौसम में बिजली कटौती से आम जनता परेशान है। किसानों को धान की रोपाई में भी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। विधायक ने यूएसआईडीए आवासीय कालोनी में आयोजित बैठक में अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बिना पूर्व सूचना के बिजली कटौती न की जाए। विधायक ने क्षेत्र में ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप विद्युत आपूर्ति को सुचारु बनाया जाए। बैठक में मुख्य अभियंता अशोक कुमार चौरसिया, अधीक्षण अभियंता धर्म विजय और उपखंड अधिकारी मौजूद रहे। दरअसल जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र में अंधाधुंध बिजली कटौती से जनजीवन बेहाल है और नहरों में पानी न होने के करण किसान अपनी धान की बेरन को भी नही लगा पा रहा है।

# एसपी ने किया ताईक्वांडो प्रतिभाओं का सम्मान

## राज्य स्तरीय पदक विजेताओं और कलर बेल्ट धारकों को मिला प्रमाण पत्र

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, अमीना ताईक्वांडो अकादमी के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है। एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने राज्य स्तर पर स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ियों के साथ कलर बेल्ट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया। विभिन्न श्रेणियों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। रेड वन बेल्ट में अनुकूल सिंह यादव प्रथम, ओजस त्रिपाठी द्वितीय और मेधा त्रिपाठी तृतीय स्थान पर रहे। ब्लू बेल्ट में यथार्थ बौद्ध रत्न ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। ग्रीन वन बेल्ट में प्रज्वल यादव प्रथम, मन्यता द्वितीय और अनुज शुक्ला तृतीय स्थान पर रहे। ग्रीन बेल्ट श्रेणी में कुशाग्र राव प्रथम, हंजला मसूद जरून द्वितीय और अर्थव यादव तृतीय स्थान पर रहे। येलो बेल्ट में रेमिट प्रथम, अक्ष यादव द्वितीय और आंचल तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम में नेशनल ऑफिशियल प्लेयर्स में ब्लैक बेल्ट धारक हेबा खान और प्रियांशु तिवारी को विशेष सर्टिफिकेट और शील्ड से सम्मानित किया गया। एसपी कुंवर अनुपम सिंह और सीओ रमेशौर प्रशांत ने बच्चों को आशीर्वाद दिया।

जिला अध्यक्ष और कोच अमीना बानो ने सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। अभिभावकों ने भी अपने बच्चों की इस उपलब्धि पर गर्व महसूस किया।

# स्कूली वाहनों की जांच में बड़ी कार्रवाई




**अमेठी-मुंशीगंज में 70 वाहन चेक, 10 का डेढ़ लाख का चालान**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी, जनपद के मुंशीगंज और अमेठी क्षेत्र में परिवहन विभाग ने स्कूली वाहनों की जांच अभियान चलाया। पीटीओ दिनेश कुमार रावत के नेतृत्व में 70 स्कूली वाहनों की जांच की गई। नियमों का उल्लंघन करने वाले 10 वाहनों का कुल डेढ़ लाख रुपये का चालान काटा गया। पीटीओ रावत ने स्पष्ट किया कि स्कूली वाहनों में सुरक्षा मानकों की अनदेखी नहीं की जाएगी। उन्होंने स्कूल प्रबंधकों को निर्देश दिए कि वाहनों की नियमित फिटनेस जांच करवाएं। साथ ही फर्स्ट एड किट और फायर सेफ्टी उपकरण जैसी सभी जरूरी सुविधाएं वाहनों में रखें। परिवहन विभाग आगे भी ऐसे चेकिंग अभियान चलाएगा। नियमों का पालन न करने वाले वाहन स्वामियों पर कार्रवाई की जाएगी। विभाग का मुख्य उद्देश्य स्कूली बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

# एआरटीओ कार्यालय में दलालों का कब्जा

## अमेठी में बंद कमरों में बाहरी लोग कर रहे फाइल अप्रूवल, डीएल के लिए 7 हजार वसूली

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, एआरटीओ कार्यालय में नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। बाहरी लोग बंद कमरों में फाइलों का अप्रूवल दे रहे हैं। कार्यालय में सीसीटीवी कैमरे लगे होने के बावजूद अवैध गतिविधियां जारी हैं। कार्यालय का निचला तल पूरी तरह खाली मिला। कमरा नंबर 9 में करीब 7-8 बाहरी व्यक्ति आवेदनों को मनमाने तरीके से अप्रूवल कर रहे थे। मीडिया का कैमरा देखकर कुछ लोग भाग गए।

कुछ ने अपना चेहरा छिपाया। कार्यालय के कर्मचारियों ने गुमनाम रहकर बताया कि अधिकारी कुछ अज्ञात लोगों को अपने साथ लाते हैं। ये लोग बंद कमरों में महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। ड्राइविंग लाइसेंस की सरकारी फीस 1,400 रुपये है। लेकिन लोगों को 7,000 रुपये खर्च करने पड़ रहे हैं। सभी विंडो काउंटर खाली हैं। लोग बिना काम के लौट रहे हैं। प्रतापगढ़ से आए तारकेश्वर सिंह तीन दिन से चक्कर काट रहे हैं। ट्रैक्टर के रजिस्ट्रेशन का अप्रूवल नहीं मिल रहा है। एआरटीओ से बाबू के पास भेजा जाता है। बाबू महाकाल गए बताए जाते हैं। राजेश कुमार को अपनी गाड़ी का ट्रांसफर कराना है। लेकिन कोई कर्मचारी मौजूद नहीं है। एआरटीओ महेश बाबू गुप्ता का कहना है कि कार्यालय में कोई बाहरी व्यक्ति नहीं है। सभी काम काउंटर पर होता है।

# बी.एससी छात्रा को कॉलेज में घुसकर चाकू मारे

## अलीगढ़ में हाथ-पेट पर वार किए; मेडिकल कॉलेज में भर्ती, एबीवीपी कार्यकताओं का हंगामा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अलीगढ़, बीएससी छात्रा पर कॉलेज में जानलेवा हमला हुआ है। सुबह साढ़े 7 बजे दो बदमाश कॉलेज में घुस गए। क्लासरूम में बैठी छात्रा पर चाकू से हमला कर दिया। उसके पेट और हाथ में चाकू मारे। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गए। हमले के बाद छात्रा बेहोश हो गई। होश आने पर उसने खुद ही घरवालों को फोन किया। इसके बाद घरवाले कॉलेज पहुंचे और छात्रा को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। पुलिस के मुताबिक, कॉलेज 8 बजे खुलता है। 7 बजे छात्रा का भाई उसे छोड़कर गया था। छात्रा एनसीसी भी करती है, इसलिए उसके पास एनसीसी रूम की चाबी थी। वह एनसीसी रूम में बैठी थी। तभी आरोपियों ने हमला किया। फिलहाल, फोरेंसिक टीम ने सबूत जुटाए हैं। छात्रा की पहचान नगला तिकोना निवासी भूरा सिंह की बेटी सपना (20) के रूप में हुई है। ?सपना टीआर गर्ल्स कॉलेज में बीएससी थर्ड ईयर में पढ़ती है। घटना की जानकारी मिलते ही एबीवीपी के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और हंगामा शुरू हो गया। घायल छात्रा ने बताया- मैं बुआ के घर पर रहती हूं और यहीं रहकर पढ़ाई करती हूं। गंगापुर में मेरे मम्मी-पापा का घर है। मैं रोज कॉलेज जाती हूं। सुबह मुझे भाई ने स्कूल छोड़ा। मैं क्लासरूम में बैठी हुई थी। उसके बाद क्या हुआ, मुझे कुछ पता नहीं चला। जब होश आया तो मेरे हाथ से खून बह रहा था। तब मैंने घरवालों को कॉल किया। थोड़ी देर में वे पहुंचे और मुझे अस्पताल में भर्ती करवाया। मेरी किसी से कोई दुश्मनी नहीं है। दो लोग मुझे मारने की कोशिश कर रहे हैं। सपना के भाई हेमंत ने बताया कि उसकी बहन एनसीसी कैडेट है। उसके पास कॉलेज के एनसीसी रूम की चाबी रहती है। सुबह उसके पास किसी का फोन आया था। इसलिए वह कॉलेज जल्दी आई थी। छोटा भाई उसे कॉलेज छोड़कर गया था। इसके कुछ देर बाद छात्रा का फोन आया कि उसे दो लड़कों ने हमला करके घायल कर दिया है। ऐसे में जब गर्ल्स कॉलेज है तो कॉलेज परिसर में लड़के कैसे आए। कॉलेज प्रबंधन बार-बार अपने बयान बदल रहा है। कॉलेज के सीसीटीवी भी सही से काम नहीं कर रहे हैं।

# जन्मदिन पार्टी पर दो पक्षों में झड़प

## बगीची खाली कराने को लेकर विवाद, तीन युवक हिरासत में

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मथुरा, शहर कोतवाली क्षेत्र के बंगाली घाट में एक बगीची में जन्मदिन की पार्टी मना रहे युवकों की बगीची खाली करने को लेकर झगड़ा हो गया। बात इतनी बढ़ी कि देखते ही देखते युवकों ने झगड़ा शुरू कर दिया। इससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। वही कुछ कावड़ियों ने युवकों पर कांवड़ खंडित करने का आरोप लगाया है। पुलिस के पहुंचने से पहले ही उपद्रव करने वाले फरार हो गए। हालांकि इस संबंध में थाने में किसी ओर से कोई प्रार्थना-पत्र नहीं दिया गया है। सीओ सिटी ने जांच शुरू करा दी है। कोतवाली के बंगाली घाट चौकी क्षेत्र में मुहल्ले के ही अमित ठाकुर अपने कुछ दोस्तों के साथ बगीची में जन्मदिन की पार्टी मना रहे थे। पार्टी में कुछ मुस्लिम युवकों के भी शामिल होना बताया जा रहा है। रात 11 बजे कवाड़ियों का जत्था हरिद्वार से जल लेकर रंगेश्वर मंदिर के लिए पहुंच रहा था। कांवड़ियों ने बगीची में पहुंचकर युवकों से खाली करने को कह दिया। इससे विवाद होने लगा। विवाद झगड़े में बदल गया। इसी दौरान कुछ युवकों ने वहां हंगामा कर दिया।

# विद्यालय मर्जर के विरोध में शिक्षक संघ का प्रदर्शन

## सुल्तानपुर में विधायक ताहिर खान को सौंपा ज्ञापन, कहा- बच्चों की शिक्षा होगी प्रभावित

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुल्तानपुर, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने सुल्तानपुर में विद्यालय मर्जर योजना का विरोध किया। संघ के जिलाध्यक्ष दिनेश उपाध्याय के नेतृत्व में शिक्षकों ने इसौली विधानसभा क्षेत्र के विधायक मो. ताहिर खान को मुख्यमंत्री के लिए ज्ञापन सौंपा। शिक्षक संघ का कहना है कि मर्जर योजना शिक्षा अधिकार अधिनियम-2009 का उल्लंघन है। अधिनियम के अनुसार, हर बच्चे के घर से 1 किलोमीटर की दूरी पर प्राथमिक विद्यालय और 3 किलोमीटर में उच्च प्राथमिक विद्यालय होना जरूरी है।

# अमेठी पहुंची केंद्रीय जल आयोग की टीम

## किसानों ने की सिंचाई व्यवस्था में सुधार की मांग, नलकूप ऑपरेटर से नाराजगी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला,जामो बघईया कमालपुर में केंद्रीय जल आयोग की टीम ने 14 जुलाई को किसानों का सर्वे किया। टीम के अधिकारी सुनील कुमार ने किसानों से विस्तृत जानकारी ली और उन्हें विभिन्न योजनाओं से अवगत कराया। किसानों ने सिंचाई व्यवस्था में सुधार की मांग रखी। उन्होंने बताया कि 122 एमजी नलकूप की पाइपलाइन से वर्तमान में केवल 20 बीघा जमीन की सिंचाई हो पा रही है। किसानों ने पाइपलाइन की मरम्मत कर इसकी क्षमता 100 बीघा तक बढ़ाने की मांग की। नलकूप ऑपरेटर अशोक सिंह से किसानों की नाराजगी सामने आई। किसानों का आरोप है कि ऑपरेटर महीने में एक बार ही नलकूप की जांच करने आते हैं और अधिकतर काम फोन पर ही निपटाते हैं।

स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी ,एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग,कुर्ला (प)मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० -A-544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डीसी माहपे नवी मुंबई ,ठाणे 400709 से मुद्रित। संपादक - अरविंद कुमार शर्मा
EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173
संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001
संरक्षक- डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता- आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक- माता प्रसाद शर्मा, फिल्म- संपादक-जगन्नाथ तिवारी